हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिए सख्त निर्देश, निगम की अनुमति से होगी सेप्टिक टैंक की सफाई
- मृतकों के परिजनों को मुआवजा, बच्चों की फीस और स्वास्थ्य बीमा देगा रामकृष्ण अस्पताल प्रबंधन

# उतरने वाले थे 8 सफाई कर्मी, चौथे ने की कोशिश तब पता चला जहरीली गैस ले चुकी तीन की जान



### 30 फीट के करीब गहराई में उतरे थे

मृतक सफाई कर्मी के परिजनों ने बताया कि अस्पताल के पीछे की तरफ बने सेप्टिक टैंक में सफाई कर्मी करीब 30 फीट गहराई वाले टैंक में सफाई करने के लिए उतरे थे। हरिभूमि की टीम ने मौके पर जाकर पड़ताल की, तो पाया कि टैंक में उतरने तीन अलग-अलग चेंबर बनाए गए थे। टैंक के नीचे उतरने चेंबर की गोलाई महज दो से ढाई फीट है। टैंक में एक बार में केवल एक व्यक्ति उतर सकता है।

*शहर के बड़े रामकृष्ण हास्पिटल के सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे तीन सफाई कर्मियों की मौत ने सुरक्षा को लेकर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। टैंकों की सफाई में जिस तरह के संसाधनों का इस्तेमाल किया जाता है, वह नदारद थे। पता चला है कि मौत के इस टैंक की सफाई के लिए आठ से दस कर्मचारियों को उतारा जाना था, लेकिन जब चौथे कर्मचारी ने नीचे उतरने की कोशश की तब उसका दम घुटने लगा और तुरंत बाहर निकल आया। तब तक तीन कर्मी नीचे जहरीली गैस के शिकार हो चुके थे।*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

इधर, हादसे में तीन सफाई कर्मियों की मौत से व्यथित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सेप्टिक टैंकों की सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नगर निगम की अनुमति जरूरी होगी। वहीं रामकृष्ण अस्पताल प्रबंधन ने मृतकों के परिजनों को राहत का ऐलान किया है। आर्थिक मुआवजा, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य बीमा का ऐलान किया है। हादसे में मृत सफाई कर्मियों का आज पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों में दुख ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जांच के बाद अपराध दर्ज

सेप्टिक टैंक में तीन लोगों की मौत की जांच की जा रही है। मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के साथ जांच रिपोर्ट के बाद जिनके खिलाफ लापरवाही सामने आएगी, उनके खिलाफ अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

- **राहुल देव शर्मा,** एडीसीपी, रायपुर पश्चिम




### अस्पताल प्रबंधन ने किया मुआवजे का ऐलान

अस्पताल ने मृतकों के परिवारों को सहयोग देने का निर्णय लिया है। प्रत्येक प्रभावित परिवार के लिए अस्पताल ने एक व्यापक सहायता पैकेज की घोषणा की है, जिसमें आर्थिक मुआवजा, परिवार के एक सदस्य के लिए मासिक भरण-पोषण सहायता, बच्चों की पूरी शिक्षा का खर्च और परिजनों के लिए आजीवन स्वास्थ्य बीमा शामिल है। अस्पताल प्रशासन ने घटना के कारणों की जांच के लिए आंतरिक जांच शुरू कर दी है और संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा है। फिलहाल, प्रबंधन की प्राथमिकता शोकाकुल परिवारों को संबल और सहायता प्रदान करना है।

### घर में इकलौता कमाने वाला था गोविंद

सिमरन सिटी के पीछे बीएसयूपी कालोनी में रहने वाला गोविंद घर में इकलौता कमाने वाला था। गोविंद के एक भाई की मृत्यु छह माह पूर्व हुई है। गोविंद का एक छोटा भाई, दो छोटी बहनों के अलावा बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी तथा 11 और 13 साल की दो बेटियां हैं। गोविंद के पिता बीमार हैं। इसी तरह से अनमोल का चार माह का एक बेटा, पत्नी तथा मां है। प्रशांत अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था, उसकी अब तक शादी नहीं हुई थी।



### पहली बार दिया था ठेका

अस्पताल प्रबंधन से सफाई का ठेका किसी किशन तांडी नाम के युवक द्वारा लिए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है, अस्पताल प्रबंधन ने जिस ठेकेदार को पूर्व में सफाई का ठेका दिया था, उस ठेकेदार की मृत्यु होने के बाद पहली बार नए सफाई कर्मी को सफाई करने ठेका दिया था। मरने वाले तीनों सफाई कर्मी नगर निगम के ठेका सफाई कर्मी बताए जा रहे हैं।

### इस तरह की लापरवाही से हुई तीन की मौत

जिन तीन सफाई कर्मियों की टैंक में दम घुटने से मौत हुई है, टैंक की सफाई करने जो जरूरी सावधानी बरतनी चाहिए थी, उसके ठेकेदार के साथ अस्पताल प्रबंधन ने पालन नहीं किया। जिस तरह की लापरवाही बरती गई वह इस तरह से है-

- टैंक की बगैर जांच किए सफाई कर्मियों को उतारा गया। गहरे टैंक की सफाई करने मशीनीकृत वैक्यूम क्लीनर मशीन का उपयोग नहीं किया गया।
- सफाई कर्मियों को बगैर दास्ताने तथा मास्क, गम बूट, गॉगल्स के नीचे उतारा गया। टैंक की सफाई करने उतरे तीनों सफाई कर्मी पेशेवर थे।
- तीनों सफाई कर्मियों की मिथेन, हाईड्रोजन सल्फाइड जैसी जहरीली गैस की चपेट में आने मौत होने की आशंका जताई जा रही है। वैक्यूम क्लीनर मशीन से टैंक की सफाई कराने से मजदूरों की मौत नहीं होती।
- सफाई करने के पहले सेप्टिक टैंक के ढक्कन को कम से कम एक दो घंटे के लिए खुला रखना था। ऐसा करने से टैंक के अंदर की जहरीली गैस बाहर निकल जाती। इसके बाद सफाई कर्मियों को टैंक के अंदर उतारना था।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम्। वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम्।

### पत्नी की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने वाला पति गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र में महिला की हत्या कर खुदकुशी साबित करने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पिछले वर्ष 11 अगस्त को अरिजित डोलाई ने अपनी पत्नी झूमा सरदार की गला घोंटकर हत्या कर दी और फांसी लगाकर आत्म हत्या बताने की कोशिश की थी। फोरेंसिक तथा पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अरिजित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है।

## 30 साल पहले 1.86 करोड़ का घोटाला, हाउसिंग बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष, पर्यवेक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राज्य निर्माण के पूर्व 1.86 करोड़ के हाउसिंग बोर्ड घोटाला प्रकरण में एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने हाउसिंग बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष थावरदास माधवानी तथा तत्कालीन पर्यवेक्षक बसंत कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर आरोप है कि इन दोनों ने कागज पर मकान बनाकर राशि का गबन किया था। दोनों आरोपियों को स्पेशल कोर्ट में पेश कर ईओडब्लू, एसीबी ने 25 मार्च तक पूछताछ करने पुलिस रिमांड हासिल की है। दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 406, 409, 420, 467, 468, 471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज है। जांच एजेंसी के अनुसार वर्ष 1995 से 1998 के दौरान जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये संचालित सरकारी आवासीय योजना के नाम पर ऋण राशि प्राप्त की गई थी। आधुनिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर के 186 सदस्यों के नाम पर 1-1 लाख रुपए गृह निर्माण ऋण स्वीकृत कराया गया। भौतिक सत्यापन में ऋण अभिलेखों में दर्शाए गए स्थलों पर न तो मकान निर्मित पाया गया और न ही संबंधित ऋणधारी वहां मिले। जांच में कूटरचित दस्तावेजों, फर्जी प्रमाणपत्रों तथा आपराधिक षड्यंत्र के माध्यम से ऋण राशि के गबन किये जाने के तथ्य सामने आये। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि वर्ष 1995 से 1998 के बीच शासन की सरकारी आवासीय योजना के अंतर्गत जरूरतमंद व्यक्तियों को मकान निर्माण के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी।

- एसीबी, ईओडब्लू की कार्रवाई, पूछताछ करने 25 मार्च तक रिमांड

### दस्तावेज में रायपुरा, पंडरी-कांपा दर्शाया गया

जांच में पाया गया कि थावरदास माधवानी द्वारा अपनी समिति के 186 सदस्यों के नाम पर 1-1 लाख रुपये, कुल 1 करोड़ 86 लाख रुपये का गृह निर्माण ऋण मध्यप्रदेश सहकारी आवास संघ मर्यादित, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से प्राप्त किया गया। ऋण अभिलेखों में गृह निर्माण स्थल ग्राम रायपुरा एवं पंडरी कांपा दर्शाया गया था। शिकायत प्राप्त होने पर उक्त प्रकरण का सत्यापन कराया गया, किंतु सत्यापन में भी गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर निर्माण कार्य पूर्ण होना बताया गया। बाद में कराये गये भौतिक सत्यापन में उक्त स्थलों पर न तो कोई मकान निर्मित पाया गया और न ही ऋण प्राप्त करने वाले व्यक्ति वहां उपलब्ध मिले।

### बगैर स्वीकृति के आवेदन फारवर्ड

*जांच से यह भी स्पष्ट हुआ कि मध्यप्रदेश सहकारी आवास सघ के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी एई ग्रेबियल जिनकी अब मौत हो चुकी है, उनके द्वारा बिना समुचित जांच के ऋण आवेदन स्वीकृत कर आवास संघ मुख्यालय को अग्रेषित किये गये, जिसके आधार पर ऋण स्वीकृत कराया गया। उनके द्वारा ऋणों के उपयोगिता प्रमाणपत्र तथा निर्माण के विभिन्न चरणों के पूर्णता प्रमाणपत्र भी जारी किये गये। आरोपी बसंत कुमार साहू, तत्कालीन आवास पर्यवेक्षक, द्वारा भी भवन निर्मित होने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। जांच एजेंसी ने चार लोगों को आरोपी बनाया था। इनमें एई गेब्रियल तथा एक अन्य की मौत हो चुकी है।*

### भोपाल लोकायुक्त ने ट्रांसफर किया था प्रकरण

*घोटाला 1995 से लेकर 1998 के बीच का है। घोटाला उजागर होने पर तब तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार ने घोटाले की जांच लोकायुक्त को सौंपी। राज्य बनने के बाद आर्थिक अपराध रोकने राज्य में ईओडब्लू के साथ एसीबी का गठन किया गया। घोटाले की जांच के लिए राज्य में अलग से विंग बनने के बाद मध्यप्रदेश लोकायुक्त ने प्रकरण की जांच रिपोर्ट ईओडब्लू, एसीबी कौ सौंपी।*

## मौसमी बदलाव ने गर्मी से दिलाई राहत पांच दिन में 5 डिग्री तक लुढ़का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर में चालीस डिग्री के करीब पहुंच चुकी गर्मी से मौसमी बदलाव ने राहत दिलाई है। पिछले पांच दिन से प्रदेश में चल रही बारिश, ओलावृष्टि और बादलों के प्रभाव से तापमान में पांच डिग्री की कमी आई है। बुधवार को भी राज्य में मौसम बदला रहा और तेज धूप के बजाए बदली के बीच ठंडी हवा ने राहत दिलाई।

होली के बाद शुरू हुई गर्मी के दौरान रोजाना अधिकतम तापमान औसतन एक डिग्री बढ़ रहा था। 14 मार्च को रायपुर का पारा 39 डिग्री से ऊपर पहुंच गया था और राजनांदगांव चालीस के पार हो गया था। तेज गर्मी के प्रभाव से लोग बीमार होने लगे थे जिसकी वजह से उपचार व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा था। इस बीच बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाओं ने अपना असर दिखाया। मौसम तंत्रिका में हुए बदलाव के बाद धीरे-धीरे गर्मी नरम पड़ने लगी और बढ़ता तापमान कम होने लगा।

शहर में भी पिछले 48 घंटे में ओलावृष्टि और बारिश की गतिविधि हुई जिससे मौसम में ठंडकता आ गई और सताने वाली तेज धूप से राहत मिल गई। बुधवार को छाए बादल और चल रही हवाओं से ठंडकता का अहसास हुआ। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री नीचे जाकर 33.6 तक पहुंच गया। जबकि न्यूनतम यानी रात का तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक होकर 24 डिग्री पर अटका रहा।

- प्रदेश में जारी रही ओलावृष्टि और बारिश की गतिविधि

### जिले में बदला स्कूलों का समय, अब सुबह की पाली में लगेंगी कक्षाएं

- एक पाली वाले स्कूलों में सुबह 7 .30 से 11:30 तक संचालित होगी कक्षाएं
- दो पाली वाली शालाओं में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की कक्षा 11:30 से शाम 4 :30 तक

राजधानी समेत प्रदेश में बढ़ रही गर्मी के दौरान परेशान होने वाले स्कूली बच्चों की शासन ने सुध ली है। रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव का आदेश जारी किया है। एक पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में कक्षाएं सुबह साढ़े 7 से साढ़े 11 तथा दो पाली वाले स्कूलों में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की कक्षाएं सुबह 11.30 से 4.30 बजे तक लगेंगी। मौसम में हुए बदलाव के पहले राजधानी का तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया था। तेज गर्मी में स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों खासकर छोटे बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। तेज गर्मी से बच्चों के बीमार होने का खतरा भी बढ़ने लगा था। इससे पालकों की चिंता बढ़ने लगी थी और प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा भी टाइमिंग में बदलाव की मांग उठने लगी थी।

## पंजीयक अधिकारी की शिकायत पर पेपर लीक कराने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज

- जांच के लिए कोतवाली के साथ साइबर सेल की स्पेशल टीम गठित


हिंदी ही नहीं, इंग्लिश के प्रश्न भी हुए थे वायरल, दोनों की लिखावट समान, टेलीग्राम में हुआ था सबसे पहले अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा में हिंदी प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रभारी पंजीयक अधिकारी बीरेंद्र कुमार राज की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पंजीयक ने दैनिक हरिभूमि में छपी खबर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ पेपर लीक करने की रिपोर्ट दर्ज ▶▶|शेष पेज 13 पर

### संदेहियों से की जा रही पूछताछ

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड का हिंदी पेपर लीक मामले की जांच करने स्पेशल टीम का गठन किया गया है। टीम में साइबर सेल भी शामिल है। संदेहियों से पूछताछ जारी है।

- **दीपक मिश्रा**, एसीपी कोतवाली



### स्कूल शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

राजधानी रायपुर में 12वीं छत्तीसगढ़ बोर्ड हिंदी (सेट-बी) पेपर लीक मामले को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में बुधवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और कार्यकर्ताओं ने राजधानी के अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर नारेबाजी की तथा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ▶▶|शेष पेज 13 पर

## 237 रुपए का एक डस्टबिन, 3 करोड़ 77 लाख होंगे खर्च

मिलेनियम प्लस सिटी के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर

# 10 साल बाद मकानों और दुकानों में नगर निगम बांटेगा 1 लाख 60 हजार डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम 10 साल बाद शहर के मकानों और दुकानों में गीला और सूखा कचरा एकत्रित करने डस्टबिन बांटेगा। शहरभर में इस तरह के 1 लाख 60 हजार डस्टबिन बांटा जाना तय है। इसमें से एक डस्टबिन 237 रुपए में खरीदी जाएगी, इस तरह शहरभर के लिए 3 करोड़ 77 लाख रुपए खर्च कर डस्टबिन क्रय किया जाएगा। नगर निगम ने चार फर्मों को डस्टबिन का ठेका दिया है। इससे आने वाले दिनों में लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डिब्बे में एकत्रित कर सफाई मित्र को देने में आसानी होगी। दूसरा ▶▶|शेष पेज 13 पर

- प्रथम चरण में स्लम बस्ती पर फोकस



### चार फर्म करेंगी डस्टबिन की आपूर्ति

एमआईसी से पारित प्रस्ताव के हिसाब से चार अलग-अलग फर्म रायपुर नगर निगम को 1 लाख 60 हजार डस्टबिन की आपूर्ति करेंगी। इस कार्य के एवज में नगर निगम द्वारा 3 करोड़ 77 लाख 28 हजार रुपए का भुगतान संबंधित फर्मों को करेगा। मेसर्स निर्मला हाउस वेयर को 56 हजार नग डस्टबिन, मेसर्स सारथी इंटरप्राइजेस 49,600 नग डस्टबिन, सनसाइन इंडस्ट्रीज 27,200 नग डस्टबिन और मेसर्स गोदरीवाला प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड 27 हजार 200 नग डस्टबिन प्रदान करेगा।

### प्रथम चरण में स्लम एरिया में डस्टबिन का होगा वितरण



महापौर मीनल चौबे ने हरिभूमि को बताया कि शासन के निर्देश अनुसार रायपुर शहर में डस्टबिन वितरण का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। प्रथम चरण में वार्डवार स्लम बस्तियों में रहने वालों को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ते हुए डस्टबिन का वितरण किया जाएगा। लोगों से आग्रह करेंगे कि वे अपने घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा को इधर-उधर न फेंककर डस्टबिन में एकत्रित कर सफाई वाहन के साथ आने वाले सफाई मित्र को जरूर दें।




## जंबूरी के मामले में कांग्रेस ने की जांच की मांग, शिक्षा मंत्री ने किया इंकार

विधानसभा में जम्बूरी आयोजन पर कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह ने भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए इसकी विधायक दल की समिति से जांच कराने की मांग की, जिस पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मंत्री की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं आने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायक सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रश्नकाल में



राघवेन्द्र कुमार सिंह ने पूछा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्काउट गाइड परिषद के अध्यक्ष कौन हैं? क्या राज्य के शिक्षा मंत्री को ही पदेन अध्यक्ष बनाए जाने संबंधित कोई स्थाई आदेश/निर्देश है? जम्बूरी आयोजन को बालोद में कराए जाने संबंधित निर्णय कब व किसके द्वारा लिया गया? क्या इस आयोजन को पूर्व में रायपुर में कराए जाने का निर्णय लिया गया था? यदि हां, तो स्थल परिवर्तन करने के पीछे का कारण क्या है? स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की ओर से जवाब आया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्काउट गाईड परिषद के पदेन अध्यक्ष स्कूल शिक्षा मंत्री होते हैं। बालोद में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी आयोजन का निर्णय राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली ने 14 नवम्बर 2025 को लिया गया। जम्बूरी आयोजन हेतु क्रियान्वयन एजेंसी जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को बनाया गया। आयोजन हेतु 5 करोड़ आबंटित किए गए। आबंटित राशि का उपयोग एरीना निर्माण, शौचालय निर्माण, जल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था, आवास हेतु टेंट, कार्यक्रम हेतु डोम, बेरिकेट, भोजनालय एवं प्रिंटिंग आदि कार्यों में किया गया है। राशि व्यय करने के लिए छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम में निहित प्रक्रिया अपनाई गई।

### राज्य परिषद के निर्णय से जंबूरी का टेंडर

राघवेन्द्र सिंह ने कहा, 13 दिसम्बर 2025 को जम्बूरी अध्यक्ष पद पर आपकी नियुक्ति हुई, जबकि आयोजन का टेंडर 10 दिसम्बर 2025 को हो गया, यह किस आधार पर हुआ? मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जम्बूरी के आयोजन को लेकर भारत सरकार की चिट्ठी अप्रैल 2025 में जारी हुई थी, जिसके आधार पर टेंडर हुआ।

नए सत्र से 150 स्कूल शुरू होंगे, जो स्वामी आत्मानंद और विवेकानंद की तर्ज पर होंगे

# शिक्षकों के साथ स्कूलों का भी युक्तियुक्तकरण, शिक्षा मंत्री बोले- अब ई-क्लासेस की दिशा में आगे बढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में स्कूलों के युक्तियुक्तरण के मुद्दे पर स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को सत्ता पक्ष के विधायकों ने घेरा। भाजपा विधायक सुनील सोनी एवं राजेश मूणत ने आरोप लगाया कि राजधानी रायपुर के सरकारी स्कूलों का हाल काफी बुरा है। युक्तियुक्तकरण के बाद आगे की रणनीति पर मंत्री ने कहा, पूर्व में जो सुविधाएं दी जाती रही थीं, उसके साथ-साथ अब ई क्लासेस की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

प्रश्नकाल में विधायक सुनील सोनी ने सवाल किया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कितनी शालाओं का युक्तियुक्तकरण विगत वर्ष में किया गया? युक्तिकरण के बाद उसकी आधारभूत संरचनाओं रिक्त भूमि, रिक्त भवन इत्यादि के विषय में क्या निर्णय लिए गए? स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने अपने जवाब में कहा, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विगत वर्ष पूरे प्रदेश में 10 हजार 538 शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इसमें 166 स्कूल बंद हुए। युक्तियुक्तकरण के बाद शालाओं की आधारभूत संरचनाओं रिक्त भूमि, रिक्त भवन इत्यादि को शासकीय कार्यों में आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाएगा। सुनील सोनी ने कहा कि सरकारी स्कूलों में लैब, कम्प्यूटर एवं लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं के दावे होते रहे हैं, युक्तियुक्तकरण से क्या कुछ बेहतर हुआ? मंत्री ने कहा, पूर्व में जो सुविधाएं दी जाती रही थीं उसके साथ-साथ अब ई क्लासेस की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।





### स्कूलों का अनुदान फिक्स

सुनील सोनी ने कहा कि राजधानी रायपुर में मठपुरैना स्कूल, गनपत स्कूल एवं आरडी तिवारी स्कूल की बिल्डिंगें जर्जर हो चुकी हैं। क्या नये निर्माण कार्य लिए राशि जारी करेंगे? मंत्री ने कहा कि जो मांगें आती हैं, प्राथमिकता के आधार पर राशि जारी करते हैं। सुनील सोनी ने कहा, प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में छात्रों की संख्याएं बढ़ी हैं, लेकिन स्कूलों को दी जाने वाली अनुदान राशि कम है। क्या अनुदान राशि बढ़ाएंगे? मंत्री ने कहा कि अनुदान राशि फिक्स है।

### रायपुर में 385 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर में 167 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया। युक्तियुक्तकरण से पहले क्या किसी तरह का सर्वे कराया गया था? रायपुर



में 3 करोड़ की लागत से बनी एक ऐसी स्कूल भी है जहां बैठने के लिए दरी तक नहीं थी। स्कूलों में न फर्नीचर हैं न पर्याप्त संख्या में शिक्षक। रायपुर जिले में कितने स्कूलों का युक्तियुक्तकरण हुआ? मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि रायपुर में 389 स्कूल में 385 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण हुआ है, 4 खाली हैं। नए सत्र से 150 स्कूल शुरू होंगे, जो स्वामी आत्मानंद और विवेकानंद की तर्ज पर होंगे।

## छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक पारित

विधानसभा में बुधवार को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक पारित हुआ। विधेयक पर विपक्ष ने आपत्ति की। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, बिना वित्तीय पत्रक के विधेयक को पारित करना ठीक नहीं है।





- विपक्ष ने कहा- बिना वित्तीय पत्रक के विधेयक पारित करना ठीक नहीं,
- मंत्री टंकराम बोले- नहीं होगी वित्तीय हानि

संशोधक विधेयक के प्रावधान से वित्तीय हानि की संभावना है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विपक्ष की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा, वित्तीय हानि नहीं होगी। विधेयक के लिए वित्तीय पत्रक की आवश्यकता नहीं है। विधेयक के दूरगामी परिणाम को लेकर विधायक उमेश पटेल ने कहा, अगर यह परंपरा बनी तो आगे किसी भी तरह का लॉस हुआ तो किसी भी विधायक को बताया नहीं जाएगा। उन्हें जानकारी नहीं होगी तो इस पर कैसे चर्चा की जाएगी। वित्तीय पत्रक प्रस्तुत न करें तो यह गलत परंपरा की शुरुआत है और आगे इसमें खतरनाक परिणाम आ सकते हैं। विपक्ष के विरोध के बीच सत्ता पक्ष के बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक पारित हो गया।

### राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली मजबूत होगी

विधेयक में राजस्व मामलों के शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने, राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने और छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति, 2024-30 के अधीन विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए मौजूदा कानूनों में संशोधन किया गया है। धारा 44 की उप-धारा (2) के खण्ड (क) और धारा 50 में प्रस्तावित संशोधन लंबित अपील एवं पुनरीक्षण मामलों के निपटारे में तेजी लाने के उद्देश्य से किए गए हैं। इन संशोधनों से संभागीय आयुक्त को लंबित मामलों का प्रभावी ढंग से निपटारा करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। परिणामस्वरूप, पात्र लोगों को अपील के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी और संपत्ति संबंधी विवादों के लंबे समय तक चलने से होने वाले वित्तीय नुकसान में कमी आएगी।

## शताब्दी वर्ष में संघ ने छत्तीसगढ़ में चलाया गृह संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्थापना के शताब्दी वर्ष पर हरियाणा के पानीपत के निकट समालखा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा हुई। कार्य की समीक्षा के साथ भविष्य के संबंध में फैसले लेने के लिए आयोजित सभा में अखिल भारतीय, कार्यकारिणी, क्षेत्र, प्रांत की टोली, प्रांत प्रचारक सम्मिलित हुए। आयोजन के संबंध में जानकारी संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना और प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा पंडरी स्थित जागृति मंडल में आयोजित प्रेसवार्ता में संघ के कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13-15 मार्च को संपन्न बैठक में देशभर से 1438 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इसमें संघ के कार्य विस्तार, कार्य दृढीकरण के साथ ही संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष में संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश के 924 जिलों के 6602 खंडों में से 6127 खंड शाखायुक्त है. इस वर्ष शाखायुक्त मंडलों की संख्या में 1535 की वृद्धि हुई। वर्तमान में 32,305 मंडल तथा 2523 नगर शाखायुक्त है। देशभर में कुल 55,683 स्थानों पर 40,800 विद्यार्थी और महाविद्यालयीन शाखा सहित कुल 88,949 शाखा है. कार्यकर्ताओं द्वारा 32,606 साप्ताहिक मिलन एवं 13,211 संघ मंडली संचालित की जा रही है. देशभर में 38,081 सेवाबस्तियों में से 9576 शाखायुक्त सेवाबस्तियाँ है। देशभर में कुल 105 संघ शिक्षावर्ग और कार्यकर्ता विकास वर्गों में 21,526 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- 30 लाख से भी अधिक घरों में दर्ज कराई अपनी उपस्थित

### छत्तीसगढ़ में लग रही 2,188 शाखाएं

छत्तीसगढ़ प्रांत में 34 जिलों 1643 स्थानों में 2,188 शाखा लग रही हैं। इनमें विद्यार्थी संयुक्त शाखा 1,246, महाविद्यालयीन (केबल तरुण) 124, तरुण व्यावसायी शाखा 482, प्रौद्र व्यावसायी शाखा 192, बाल शाखा 144 हैं. प्रांत में 833 साप्ताहिक मिलन लग रहे हैं।
























## खबर संक्षेप



### माता कर्मा जयंती सकरी में मनाई गई

**मंदिर हसौद।** सेरीखेड़ी परिचेत्र के पंचायत सकरी में साहू समाज के द्वारा कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भक्त माता कर्मा जयंती मनाया गया जिसमे परमानंद साहू अध्यक्ष , वीरेंद्र साहू संरक्षक, मंगल साहू पूर्व अध्यक्ष टेमरी, भरत साहू धरमपुरा, बाला राम साहू बोरिया कला, प्रमोद साहू तुलसी, प्रकाश साहू बोरिया कला, सोनल प्रशांत कुर्रे सरपंच ग्राम संकरी,संतोष पाल पूर्व सरपंच ग्राम संकरी से साहू समाज,संतराम साहू अध्यक्ष ग्राम संकरी, बिसेसर साहू उपाध्यक्ष, सुरेश साहू संगठन सचिव, अजय साहू मीडिया प्रभारी, दूरपत साहू अध्यक्ष, सरस्वती साहू उपाध्यक्ष और सभी साहू समाज ग्राम संकरी बाराडेरा ।

### माता कर्मा की जयंती रसनी में 22 को मनाएंगे

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत ग्राम रसनी में 22 मार्च को भक्त माँ कर्मा जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब, कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। अध्यक्षता देवनाथ साहू, जिला अध्यक्ष साहू समाज रायपुर ग्रामीण करेंगे। इस अवसर पर दोपहर 3:00 बजे से संत माता कर्मा आरती-पूजा, अतिथि आगमन, स्वागत, उद्बोधन के साथ ही बुजुर्गों का सम्मान तथा युवा व मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं कला में उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। लोक सरगम गोविंद साहू, भोथली की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का संचालन अशोक साहू द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी कलीराम साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज रसनी ने दी।

### मांस एवं मटन बिक्री पर 20, 27 व 31 को रोक

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा आगामी धार्मिक पर्वों के मद्देनजर मांस-मटन की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन के निर्देशानुसार परिषद के सीमाक्षेत्र में 20 मार्च को चेट्रीचंड, 27 मार्च को रामनवमी तथा 31 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर मांस-मटन के विक्रय पर पूर्णतः रोक रहेगी। जारी निर्देश में सभी मांस-मटन विक्रेताओं एवं संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वे उक्त तिथियों पर मांस-मटन का विक्रय न करें। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।नगर पालिका ने इस संबंध में मुनादी कराकर आमजन एवं व्यापारियों को सूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, ताकि पर्वों के दौरान धार्मिक भावनाओं का सम्मान बनाए रखा जा सके।

**न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रकरण क्र. 847/2024
आदेश दिनांक 28/2/2026
पेशी दिनांक 20.04.2026
प्रोसेस क्र. 205/2026

मनोज कुमार तेजवानी पिता राजकुमार तेजवानी उम्र 37 वर्ष निवासी तहसीलदार गली, हेमू नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.....आवेदक

// विरूद्ध //

प्रिया तेजवानी पति मनोज कुमार तेजवानी उम्र 36 वर्ष निवासी-हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, ब्लाक नं. 02, मकान नं 19, आकाश नगर अवंति विहार तेलीबाधा थाना तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ......... अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक ने अनावेदिका के विरुद्ध धारा 09 हिन्दू विवाह अधिनियम वास्ते दाम्पत्य जीवन के पुर्नस्थापना बाबत आवेदन पत्र पेश किये है, जिसकी पेशी दिनांक 20.04.2026 को है।

अनावेदिका प्रिया तेजवानी पति मनोज कुमार तेजवानी उम्र 36 वर्ष निवासी-हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, ब्लाक नं. 02, मकान नं 19, आकाश नगर अवंति विहार तेलीबाधा थाना तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 20.04.2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 20.04.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 18/03/2026 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक-18/03/2026
स्थान-बिलासपुर

(आलोक कुमार)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

# राजा मोरध्वज की आराध्य देवी रीवा की माता चंडिका की महिमा है निराली

## नवरात्रि पर देवी की पूजा-अर्चना की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राजधानी रायपुर से 28 किलोमीटर दूर वीर अहीर लोरिक के नाम से विख्यात ग्राम गढ़ रीवा है। यहां विराजमान हैं आदिशक्ति माता चंडिका, जहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मंदिर समिति के सदस्यगण बताते हैं कि इस मंदिर का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। लोक मान्यतानुसार महादानी राजा मोरध्वज स्वयं यहां पहुंचकर मां चंडिका की पूजा-अर्चना करते थे। आरंग के राजा महर के शासनकाल में भी लोरिक वीर अहीर की आराध्य देवी के रूप में यह मंदिर प्रसिद्ध रहा। मंदिर के पुजारी मोहन भारती बताते हैं कि पंचमूर्ति मां चंडी की प्रतिमा एक विशाल शिला पर निर्मित है। इसमें भक्त लंगूरे, मां चंडिका, मां आदिशक्ति, मां महामाया और काल भैरव विराजमान हैं। यही कारण है कि इस मंदिर को पंचमूर्ति चंडिका सिद्धपीठ के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर से लगा 75 एकड़ का विशाल तालाब है, जिसे बंधुआ तालाब कहा जाता है। इस तालाब का जल सफेद दाग के निवारण के लिए प्रसिद्ध है। चर्म संबंधी रोग से ग्रसित लोग यहां सात रविवार तक स्नान कर मां चंडिका का आशीर्वाद लेते हैं, जिससे उनके रोगों में लाभ होता है। दोनों ही नवरात्र में यहां सैकड़ों मनोकामना ज्योति प्रज्वलित होती हैं। इस नवरात्रि में यहां पांच दिवसीय भक्तमाल सियाराम कथा का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है।



### रामनवमी पर 27-28 को होंगे ग्राम तामासिवनी में कार्यक्रम

आरंग। सर्व हिंदू समाज तामासिवनी क्षेत्रवासी एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष हिंदू नववर्ष एवं श्री राम नवमी के पावन अवसर पर दो-दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 27 और 28 मार्च को आयोजित होने वाले इस उत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रथम दिवस 27 मार्च को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान पूरे क्षेत्र को भगवा ध्वजों से सजाया जाएगा और भक्तिमय माहौल में श्रद्धालु /"जय श्री राम/" के जयघोष के साथ शामिल होंगे। द्वितीय दिवस 28 मार्च को शाम को सांस्कृतिक एवं भक्ति संगीत का आयोजन होगा, जिसमें मुख्य आकर्षण /"जय माँ शारदा/" बिटिया सुआ नृत्य तामासिवनी की सुप्रसिद्ध गायिका हीरा साहू के स्वर में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सुआ नृत्य प्रस्तुति होगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम में /"कब ते निकलबे रे चंदा/" के गायक, सुप्रसिद्ध नाइट स्टार गायक अनुराग शर्मा द्वारा भक्ति एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## व्यापारियों ने किया जमकर विरोध , मार्ग पर वाहनों की लगी लंबी कतार

# सात दुकानों के शेड एवं नाली के पाटों पर चला नगर पालिका का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा में नगर पालिका के द्वारा बुधवार को खरोरा तिल्दा मार्ग पर चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान विरोध के चलते बीच में ही रोकना पड़ गया।सुबह 10 नगर पालिका का तोड़ू दस्ता बुलडोजर लेकर दलबल के साथ नगर पालिका प्रवेश द्वार खरोरा रोड पहुंचा और दुकानों के बाहर नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया और देखते ही देखते विरोध भी शुरू हो गया। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद होकर लोगों को समझा कर शांत करा दिया

और अध्यक्ष स्वयं अतिक्रमण हटवाने वहा डटी रही। सात 8 दुकानों के शेड और नाली के ऊपर बने पक्के चबूतारो को तोड़ने के बाद जब दस्ता आगे बढ़ा तो दुकानदार एकत्रित होकर जोर शोर से विरोध करने लगे। दुकानदार इस बात से नाराज थे कि उन्हें पालिका के द्वारा शेड या नाली के ऊपर बने चबूतरे को तोड़ने के लिए कोई नोटिस जारी नहीं दिया गया था।



इसी बीच सहर की समस्याओ को जोर शोर से उठाने वाले युवराज शर्मा वहां पहुंच गए। उन्होंने अतिक्रमण हटाने का विरोध करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाए जाने के बजाय सुबह से शाम तक हैवी गाड़ियों के आने जाने पर रोक लगाई जाए। पालिका अध्यक्ष के पति की गिरफ्तारी की मांग

.इसी मांग को लेकर वह बीच सड़क पर बैठ गया इसी बीच नगर पालिका अध्यक्ष के पति वहां पहुंचे और तमतमाते हुए उन्होंने युवराज के साथ धक्का मुक्ति करना शुरू कर दिया उसके बाद वहां माहौल बिगड़ गया1 अकोशित दुकानदार सड़कों पर आ गए और नगर पालिका अध्यक्ष के पति का विरोध करते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जिससे स्थिति तनाव पूर्णहो गई भीड़ ने वहां चक्का जाम कर दिया।

देखते ही देखते मार्ग के दोनों तरफ एक किलोमीटर से भी अधिक का लंबा जाम लग गया। कुछ देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई सब इंस्पेक्टर देशपांडे व अन्य पुलिसकर्मियों ने चक्का जाम कर रहे लोगों को समझाइश दी और जाम में फसे वाहनों को दोनों तरफ रवाना किया।

### पालिक के खिलाफ की नारेबाजी

कुछ हि देर में मौके पर तहसीलदार और नगर पालिका अधिकारी भी पहुंच गए। अधिकारियों को देख भीड़ का आक्रोश और भी बढ़ गया लोग नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिन दुकानदारो के शेड और चबूतरो को तोड़ा गया था उन्हें मुआवजा देने की मांग करने लगे। दुकानदारों का कहना था कि उन्हें बिना नोटिस दिए ही उनके शेड तोड़ दिए गए। दुकानदारों ने बताया कि जब हमने नगर पालिका के अमले से स्वयं शेड निकालने के लिए निवेदन किया तो नगर पालिका अध्यक्ष ने मानने से इनकार करते हुए बुलडोजर चलवा दिया। यहा तोड़ दस्ते का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष के पति और कुछ पार्षद कर रहे थे। इस बीच विरोध कर रहे दुकानदारों का समर्थन करने कांग्रेस के नेता भी पहुंच गए .जब उन्हें पता चला कि नगर पालिका के अध्यक्ष के द्वारा एक युवक के साथ मारपीट की गई है तो मामले ने तूल पकड़ लिया उसके बाद सभी लोग पुलिस थाने पहुंचकर अध्यक्ष के पति के विरोध में नारेबाजी करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग करने लगे।

जब पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया तो कांग्रेसी नेता शैलेश नितेंद्र त्रिवेदी .मोतीलाल हिंदूजा. कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा के नेतृत्व में पार्षद किरण बाला के साथ अन्य पार्षद और व्यापारी थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस नेताओं ने अध्यक्ष पति पर गुंडागर्दी करने का आरोप लगाते है FIRदर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग करने लगे।समाचार लिखे जाने तक पुलिस थाने के गेट पर 50 से भी अधिक दुकानदार पार्षद और जनप्रतिनिध धरना पर बैठकर नारेबाजी करते दिखे। धरने में भाजपा समर्थक दुकानदार भी शामिल हुए।

## रायपुर-बिलासपुर हाईवे के ढाबों में शराबखोरी पर पुलिस की चुप्पी

**धरसींवा।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे इन दिनों खान-पान के केंद्रों के बजाय अवैध शराब और अपराधियों के सुरक्षित ठिकानों में तब्दील होता जा रहा है। विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा और धरसींवा के बीच स्थित दर्जनों ढाबों में नियमों को ताक पर रखकर सरेआम शराब परोसी जा रही है। तिवरैया क्षेत्र के पास स्थित एक चर्चित ढाबे ने तो पूरी तरह से 'अवैध बार' का रूप ले लिया है, जहाँ सूर्यास्त होते ही शराबियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है।

क्षेत्रीय जनता में पुलिस की दोहरी नीति को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस आम नागरिकों की छोटी - छोटी गलतियों पर तो कानून का डंडा चलाती है, लेकिन रसूखदार ढाबा संचालकों के सामने पूरी तरह नतमस्तक नजर आती है। तिवरैया और उसके आसपास के ढाबों में देर रात तक चलने वाले इस अवैध कारोबार को कथित तौर पर स्थानीय पुलिस का परोक्ष संरक्षण प्राप्त है। पखवाड़े भर पहले सिलतरा के एक ढाबे में नशे में धुत असामाजिक तत्वों द्वारा एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं टूटी है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और हाईवे अब अपराध की नई नर्सरी बनता जा रहा है। शिकायत मिली है, कार्रवाई की जाएगी थाना प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने बताया कि ढाबो में शराब पिलाने की कुछ कुछ शिकायत आई है, शिकायतों के आधार पर गश्त बढ़ाई गई है और पुख्ता सबूत मिलने पर ।



# फेडरेशन ने सौंपा सीएम एवं सीएस के नाम ज्ञापन



आरंग। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय इकाई के आह्वान पर एवं जिला इकाई के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के कर्मचारी-अधिकारीगणों ने विधानसभा चुनाव के पूर्व "मोदी की गारंटी" के रूप में जारी घोषणा पत्र में सरकार द्वारा किए गए वादों के अनुरूप मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदान करने, जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ते की एरियर राशि को जी.पी.एफ. खाते में समायोजित करने, समस्त कर्मचारी-अधिकारियों को सेवाकाल के दौरान चार स्तरीय पदोन्नति समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 व 32 वर्ष में प्रदान करने तथा मध्य प्रदेश के समान प्रदेश में अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने सहित 11 सूत्रीय लंबित मांगें शामिल हैं। इन मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन आरंग के संयोजक माणिक लाल मिश्रा के नेतृत्व में जोरदार नारेबाजी करते हुए अनुविभागीय अधिकारी आरंग को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन के संयोजक माणिक लाल मिश्रा ने बताया कि उक्त लंबित मांगें विधानसभा चुनाव पूर्व "मोदी की गारंटी" के तहत घोषणापत्र में शामिल की गई थीं, किन्तु आज तक शासन द्वारा वादों को पूरा नहीं किया गया है, जिससे पूरे प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी निराश एवं हतोत्साहित हैं।

// सूचना //

माननीय श्रम न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक/33/आईडीएक्ट/2021/रिफरेंस में दिये गये आदेश दिनांक 05.01.2024 एवं उद्घोषणा दिनांक 22.01.2024 का परिपालन नहीं किये जाने के कारण आवेदिका श्रीमती अमिता सिंह पति श्री सुखबीर सिंह, निवासी राजा ठाकुर उमीसेठ गोदाम के पीछे पुराना सरकंडा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अनावेदकगणों (1) मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन टोडी, इस्टेट नंबर-5, ए-विंग, द्वितीय तल, सन मिल्स कम्पाउंड, लोवर पोर्टल (वेस्ट) मुंबई (महाराष्ट्र) (2) क्षेत्रीय निदेशक, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन ईस्ट रिजनल आफिस, चतुर्थ तल सेक्टर-ए, मेट्रोपालिटेन को-आपरेटिव काउंसलिंग लिमिटेड केनाल साउथरोड थाना पुगली मैदान कोलकाता (3) स्टेट मैनेजर, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन, डी नंबर ए/3, विनायक विहार, सिद्धि विनायक मैरिज पैलेस के पास रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) एवं (4) प्रोजेक्ट कार्डीनेटर, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन रिंग रोड नंबर-1, दीनदयाल उपाध्याय नगर सिद्धि विनायक मैरिज हाल के पास रायपुर थाना दीनदयाल उपाध्याय नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) के विरूद्ध परिवाद दायर की अनुमति हेतु श्रमायुक्त, कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के समक्ष में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन में सुनवाई हेतु सक्षम प्राधिकारी सह श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा-34 के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से सूचना पत्र प्रेषित किया गया किन्तु अनावेदकगण किसी भी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुये। अनावेदक क्रमांक 03 एवं 04 से संबंधित डाक बिना तामिली वापस प्राप्त हुआ है। लिफाफा में किस कारण से तामिल नहीं हुआ का कोई उल्लेख नहीं है। प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 08.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे, कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, खण्ड-तीन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर नियत है। अतः इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अनावेदक पक्ष स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उक्त नियत तिथि में अनिवार्यतः उपस्थित रहें। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अपर श्रम आयुक्त
श्रमायुक्त कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर

## जमीन फर्जीवाड़ा मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र से जुड़े जमीन धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी अनुसार तहसील अभनुर ग्राम पचेड़ा स्थित खसरा नंबर 70, रकबा 1.60 हेक्टेयर जमीन वर्ष 2023-24 के राजस्व अभिलेख में विष्णु प्रसाद मंडल के नाम दर्ज थी। आरोपी नंप.माना का पूर्व पार्षद मनोरंजन मंडल ने फर्जी वंशावली तैयार कर विष्णु प्रसाद मंडल को अपना पिता दर्शाते हुए जमीन का अवैध रूप से अपने नाम नामांतरण करा लिया। इसके बाद आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जमीन के हिस्से बांटकर अन्य लोगों के नाम भी नामांतरण कराया और धोखाधड़ी कर अवैध लाभ अर्जित किया।

जांच में सामने आया कि सभी परिजन को जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी होने के बावजूद यह कृत्य किया गया। पुलिस ने आरोपी मनोरंजन मंडल उम्र 52 वर्ष, निवासी माना कैम्प, रायपुर को 17 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# सीएम बिजली बिल समाधान शिविर से 22 लाभान्वित, 13 का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी संभाग नवापारा-राजिम अंतर्गत वितरण केंद्र खोरपा में मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान खोरपा क्षेत्र में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की सहभागिता रही। शिविर में वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर प्रमुख रूप से शामिल हुए। वहीं ग्राम पंचायत खोरपा की सरपंच मीना ध्रुव की भी उपस्थिति रही।

इसके अलावा रायपुर ग्रामीण के मुख्य अभियंता संजीव सिंह, रायपुर वित्त के अधीक्षण अभियंता मुरारीश्री हरि तथा कार्यपालन अभियंता हरिशंकर प्रसाद भी उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा कि लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए यह योजना काफी लाभकारी है।

योजना के तहत बकाया राशि में छूट के साथ-साथ उपभोक्ता किस्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक हितग्राहियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने की अपील की। शिविर में कुल 31 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही पंजीयन कराया। इनमें से 22 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लेते हुए तत्काल बकाया राशि जमा कर योजना का लाभ उठाया। वहीं 4 उपभोक्ताओं ने छूट के बाद शेष राशि को किश्तों में भुगतान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस शिविर से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। वर्षों से लंबित बिजली बिल की समस्या का समाधान होने से लोगों ने संतोष जताया और शासन की इस पहल की सराहना की।

## ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम जयंती पर करेगा विविध कार्यक्रम

**आरंग ।** ब्राह्मण समाज का होली मिलन आपसी सद्भाव व भाईचारे के साथ सादगीपूर्वक गुलाल का टीका व मिठाई बांटकर, बड़ों के आशीर्वाद, नगाड़ा व फाग गीतों के साथ सम्पन्न हुआ। इस संबंध में सचिव तिलक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अप्रैल में भगवान परशुराम जयंती को भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष अभिषेक, पूजन, शोभायात्रा व भोजन के साथ मनाया जाएगा। वहीं ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रदुमन शर्मा ने राजपुरोहित के रूप में मुकेश शर्मा को गुलाल लगाकर सम्मानित किया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने ताली बजाकर उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही ब्राह्मण समाज ने स्पष्ट किया है कि समाज की कोई अन्य संस्था, समिति या परिषद नहीं है और न ही ब्राह्मण समाज ऐसी किसी समिति या परिषद का गठन चाहता है।

## पेज 11 के शेष...

### उतरने वाले थे 8 ...

और आक्रोश देखा गया। अस्पताल परिसर में कल रात तक उन्होंने हादसे को लेकर हंगामा किया था। कल रात से ही अस्पताल परिसर में पुलिस की तैनाती है। आज पूछताछ में पता चला कि एक मृत सफाई कर्मी के जीजा ने ही टैंक की सफाई कराने का ठेका लिया था। वही कर्मचारियों को लेकर रात को टैंक साफ करने पहुंचा था। सफाई कर्मी अनमोल तथा प्रशांत के परिजनों को पता ही नहीं था कि वे अस्पताल में टैंक की सफाई करने गए हैं। दोनों की मौत की खबर आने पर परिजनों को उनके सेप्टिक टैंक में सफाई करने जाने की जानकारी मिली। दोनों के परिजनों को रात नौ बजे के करीब अनमोल तथा प्रशांत की मौत की जानकारी मिली।

### पंजीयक अधिकारी की...

कराई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने पूरे मामले की जांच के लिए एक स्पेशल टीम गठित की है। टीम में साइबर सेल के एक्सपर्ट भी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक जीनियस एकेडमी नामस वाट्सएप ग्रुप में सबसे पहले प्रश्न पत्र वायरल हुआ। जीनियस एकेडमी नामक वाट्सएप ग्रुप की ग्रुप फाउंडर कोई लड़की है। प्रश्न पत्र 13-14 मार्च की दरमियानी रात 2.41 बजे लीक हुआ। वाट्सएप में हस्त लिखित बी सेट का प्रश्न पत्र पोस्ट किया गया था। प्रश्न पत्र लीक मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2008 की धारा 4, 5, 10 तथा बीएनएस की धारा 316 के तहत अपराध दर्ज किया है।

कोरबा, रायपुर के दो संदेही छात्रों से पूछताछ

जिस जीनियस एकेडमी से पेपर लीक होने की बात सामने आई है, पुलिस ने इस मामले में बुधवार को कोरबा तथा रायपुर के दो संदेही छात्रों से पूछताछ की है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि प्रश्न पत्र राज्य के अलग-अलग जिलों के वाट्सएप ग्रुप में वायरल हुआ था। उन्हीं वाट्सएप ग्रुप से उनके पास प्रश्न पत्र का सेट पहुंचने की जानकारी पुलिस को दी।

टीआई सहित पांच पुलिसकर्मियों की टीम

पेपर लीक मामले में कोतवाली टीआई सतीश सिंह के नेतृत्व में दो एसआई, कांस्टेबल की टीम गठित की गई है। इनमें साइबर सेल के पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। परीक्षा लीक मामले में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के नाम आ रहे हैं। इसीलिए पुलिस छात्रों के पास जाकर पूछताछ कर रही है। रायपुर के जिन छात्र-छात्राओं के नाम पेपर लीक में नाम सामने आए हैं, उनके परिजनों से पूछताछ करने थाने तलब किया है।

साइबर जांच के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ेगी

पेपर लीक मामले में साइबर सेल की जांच रिपोर्ट पर पुलिस पड़ताल कर रही है। इसके लिए साइबर सेल जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि 12वीं का हस्त लिखित प्रश्न पत्र किन किन वाट्सएप ग्रुप में लीक हुआ है। इस आधार पर पुलिस उन वाट्सएप ग्रुप से जुड़े एडमिन से पूछताछ करने के साथ ग्रुप में जुड़े लोगों से पूछताछ करने की बात कह रही है। बताया जा रहा है प्रश्न पत्र वाट्सएप ग्रुप के साथ टेलीग्राम में भी लीक हुआ है।

### स्कूल शिक्षा मंत्री...

का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। पेपर लीक की घटना को तीन दिन बीत जाने के बावजूद अब तक छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से छात्रों और अभिभावकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि सरकार इस गंभीर मामले में निष्क्रिय बनी हुई है और पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। न तो अब तक परीक्षा रद्द करने को लेकर कोई स्पष्ट निर्णय लिया गया है और न ही किसी उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है, जिससे छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा तथा स्कूल शिक्षा मंत्री के निवास का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश सचिव कुणाल, दुबे मोनू तिवारी, जिला महासचिव गावेश साहू, अंकित बंजारे, तनिष्क मिश्रा, ओझा प्रकाश पाण्डेय, शेख अर्सलान, मनीष साहू, हर्ष शर्मा, ओम पाटिल, प्रशांत राव, अभिषेक, वसीम अली आदि छात्र नेता मौजूद थे।

### 10 साल बाद मकानों...

फायदा ये होगा कि घरों व दुकानों से कचरा छंटाई अलग-अलग होने से सेकेंडरी पाइंट पर दोबारा इसकी छंटाई की जरूरत नहीं पड़ेगी।

दरअसल, रायपुर शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने की तैयारी मे जुटी शहरी सरकार आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन पर जोर दे रही है। इसके लिए पंद्रहवें वित्त आयोग मद में मिलेनियम प्लस सिटी के लिए डस्टबिन क्रय किया जा रहा है। राजधानी के करीबन ढाई लाख मकानों व दुकानों के लिए 1 लाख 60 हजार डस्टबिन खरीदना तय किया गया है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए फरवरी माह में 3 करोड़ 80 लाख का टेंडर किया गया, जिसमें 4 संस्थाओं ने भाग लिया। इन्ही में से न्यूनम दर 3 करोड़ 77 लाख 28 हजार रुपए आई। जिसमें मेसर्स निर्मला हाउसवेयर की प्रति डस्टबिन 235 रुपए 80 पैसे की दर आने पर इसे स्वीकृत किया गया। इसी दर पर तीन अन्य एजेंसी को भी डस्टबिन का ठेका दिया गया है। मेसर्स सारथी इंटरप्राइजेस, सनसाइन इंडस्ट्रीज और मेसर्स गोदड़ीवाला प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड को डस्टबिन सप्लाई का आदेश दे दिया गया है।

### प्रथम चरण में स्लम ...

वितरण किया जाएगा। लोगों से आग्रह करेंगे कि वे अपने घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा को इधर-उधर न फेंककर डस्टबिन में एकत्रित कर सफाई वाहन के साथ आने वाले सफाई मित्र को जरूर दें। इसके बाद शासन से जैसे-जैसे राशि स्वीकृत होगी, दूसरे व तीसरे चरण में आवश्यकता अनुसार अन्य बाकी रहवासी इलाकों में वार्ड स्तर पर डस्टबिन का वितरण होगा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बैंक घोटाला : हितग्राहियों को लिखित में रकम वापसी करने की मांग



रायपुर। रायपुर जिले के धरसीवां स्थित आईडीबीआई बैंक की चरौदा शाखा में खाताधारकों की रकम गायब होने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। इस संबंध में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि आईडीबीआई बैंक चरोदा शाखा में विगत 2 वर्ष से खाता धारक एवं एफडी कराने वाले हितग्राहियों के साथ लगातार धोखा, फ्राड एवं जालसाजी किया जा रहा है। इसके अलावा आसपास के किसान, मजदूर एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा पैसे जमा किए थे, लेकिन क्या मालूम भरोसा तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम ने मांग की है कि बैंक एवं थाना मिलकर फ्रांड के शिकार हुए लोगों को भरोसा दिलाएं। साथ ही प्रशासन को लिखित जानकारी देने के बाद भी किसी प्रकार का कोई ठोस कार्यवाही नहीं करना भी सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सभी बैंक के खाताधारक अपने खाते का जांच कराएं। साथ ही अपने आसपास के फ्राड के शिकार हुए हितग्राहियों की राशि वसूली में मदद करें।

## निधन

### मूलचंद राठी



रायपुर। जनता कॉलोनी गुढ़ियारी निवासी मूलचंद राठी का 18 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 मार्च को सुबह 9 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अमित, सुमीत राठी के पिता थे।

### गिरीश राजपूत



रायपुर। बी-23, ऐश्वर्या किंगडम, कचना निवासी गिरीश राजपूत (41) का 17 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 मार्च को सुबह 10:30 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मदन गोपाल राजपूत व रूपरानी राजपूत के पुत्र और अंजलि के पति एवं आर्यवीर व आद्विक के पिता थे।

### आशा देवी बागड़ी



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी आशा देवी बागड़ी का 18 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सतीश, मनोज, राजा, किरण, अलका की माता एवं सूर्य प्रकाश राठी की सासु मां थीं।

# एजेंसियों में नहीं मिल रहे कमर्शियल सिलेंडर, नवरात्रि में भंडारा कैसे कराएंगे, मंदिर समितियों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गैस एजेंसियों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की मारामारी अभी भी बनी हुई है। होटल, रेस्टोरेंट सहित अन्य व्यावसायिक सहित विविध कार्यक्रमों में उपयोग के लिए कमर्शियल सिलेंडर नहीं दिए जा रहे हैं, जिसके कारण नवरात्रि में भंडारा कराने वाली मंदिर समितियों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि कई मंदिर समितियां कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत को देखते हुए इलेक्ट्रानिक चूल्हा या लकड़ी चूल्हा से भंडारा के लिए भोजन बनाने की तैयारियों में जुट गई हैं।

## उपभोक्ताओं को प्रदाय करने के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक नहीं पहुंचा

### घरेलू गैस सिलेंडरों की भी मारामारी लग रही लंबी कतारें

घरेलू गैस सिलेंडर के लिए भी गैस एजेंसियों में मारामारी जारी है। बुकिंग के आधार पर ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जा रहे हैं, लेकिन बुकिंग कराने में ही उपभोक्ताओं के पसीने छूट रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने के कारण गैस एजेंसियों के दफ्तरों में उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। ज्यादातर गैस एजेंसियों के दफ्तर में लोग खाली सिलेंडर लेकर पहुंच रहे हैं, ताकि पर्ची कटते ही वे भरा सिलेंडर ले सकें।



### इलेक्ट्रानिक चूल्हा या लकड़ी से बनेगा भंडारा का भोजन

चैत्र नवरात्रि गुरुवार से प्रारंभ हो रही है। नवरात्रि में अष्टमी से जगह-जगह मंदिरों में भंडारा आयोजन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। भंडारा के लिए भोजन बनाने के लिए गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जाता है, लेकिन इस बार सिलेंडरों की किल्लत ने समितियों की चिंता बढ़ा रखी है। कई मंदिर समितियां तो गैस सिलेंडरों की जगह इलेक्ट्रानिक चूल्हा या फिर लकड़ी चूल्हा से भोजन कराने की तैयारियों में जुट गए हैं। टिकरापारा नंदी चौक स्थित मां काली मंदिर समिति के विकास साहू ने बताया कि सिलेंडर नहीं मिलेगा, तो लकड़ी चूल्हा से भंडारा के लिए भोजन तैयार कराएंगे।

केंद्र सरकार और ऑयल कंपनियों के दिशा-निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ में उपभोक्ताओं की खपत के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडरों का 20 प्रतिशत होटल, रेस्टोरेंट सहित अन्य व्यवसाय तथा आम लोगों को प्रदान करने पर सहमति बनी है, लेकिन राजधानी रायपुर में संचालित गैस एजेंसियों में बुधवार को भी आम उपभोक्ताओं को कमर्शियल गैस सिलेंडर प्रदाय नहीं किए गए। एजेंसियों में कार्यरत कर्मचारियों का यहीं कहना है कि उपभोक्ताओं को प्रदाय करने के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडरों का स्टॉक नहीं पहुंचा है। स्टॉक आने पर ही वे प्रदाय कर पाएंगे।

## मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने की सौजन्य मुलाकात

# रायपुर-रीवा हवाई सेवा के लिए साय की सराहना रीवा में नालंदा की तर्ज पर लाइब्रेरी खोलने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य मुलाकात की।

■ रायपुर में डा. रमन से मुलाकात की, नालंदा परिसर का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरान दोनों के मध्य क्षेत्रीय विकास, आपसी समन्वय एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों राज्यों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने पर भी सहमति व्यक्त की गई। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि अब रीवा-रायपुर से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ गया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साझा प्रयासों से दोनों राज्यों के लोगों को हवाई सेवा की बड़ी सौगात मिली है।

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया और आगे भी दोनों राज्यों के साझा हितों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



### रीवा में नालंदा तर्ज पर लाइब्रेरी खोलने की घोषणा

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजधानी स्थित नालंदा परिसर लाइब्रेरी का अवलोकन किया और सराहना की। उन्होंने इस मॉडल से प्रभावित होकर मध्यप्रदेश के रीवा में भी इसी तर्ज पर लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लाइब्रेरी के फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर और टैरेस का अवलोकन करते हुए पुस्तक वितरण प्रणाली और अध्ययन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कम शुल्क में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि नालंदा परिसर लाइब्रेरी के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं युवाओं को सही दिशा प्रदान करती हैं और उनकी ऊर्जा का समुचित उपयोग सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में युवा अध्ययन कर रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं। ऐसे युवा देश और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन से सौजन्य भेंट



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रदेश में नई नालंदा लाइब्रेरी स्थापित होंगी : ओपी चौधरी

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नालंदा परिसर लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, जहां 24×7 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी का निर्माण डीएमएफ फंड एवं अन्य सहयोग से किया गया है तथा वर्तमान में इसका संचालन शुल्क और दानदाताओं के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य में राजधानी सहित कुल 42 ऐसी लाइब्रेरी स्थापित की जा रही हैं।

### संचालन के लिए बनी समिति

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि लाइब्रेरी के संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत सभी लाइब्रेरियों को एकीकृत किया गया है, जिससे संचालन में सुविधा हो रही है। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी से हर वर्ष यूपीएससी और सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो रहा है। साथ ही लाइब्रेरी में बीपीएल वर्ग के विद्यार्थियों से 200 रुपये प्रति माह तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों से 500 रुपये प्रति माह शुल्क लिया जाता है। इस अवसर पर निगम आयुक्त विश्वदीप, एडीएम उमाशंकर बंदे, जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डिप्रेशन... होटल की दूसरी मंजिल से युवती ने कूदकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक होटल की दूसरी मंजिल से कूदकर एक युवती ने खुदकुशी कर ली। पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है उसके मुताबिक युवती बाइपोलर डिसआर्डर नामक गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रही थी। बाइपोलर डिसआर्डर बीमारी में इंसान अचानक डिप्रेशन का शिकार हो जाता है या फिर किसी बात को लेकर एक्साइट हो जाता है।

■ युवती मूलतः रायगढ़ की रहने वाली, रायपुर में अपने पिता तथा दो भाइयों के साथ रहती थी

पुलिस के अनुसार हनी गुप्ता (25) ने सिद्धि विनायक होटल की छत से कूदकर खुदकुशी की। युवती छत से कूदी तब उनकी सांसें चल रही थी। मौके पर उपस्थित जीआरपी के जवान युवती को उपचार कराने के लिए तत्काल आंबेडकर अस्पताल लेकर गए, जहां युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवती होटल कैसे पहुंची, फिलहाल पुलिस को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। युवती सड्डू स्थित कचना में अपने पिता तथा भाइयों के साथ रहती थी। युवती की मां का उसके पिता के साथ तलाक हो चुका है। युवती के पर्स से पुलिस को होटल के कमरे की चाबी मिली है।

## सीलबंदी का असर, तीन बकायादारों ने मौके पर जमा की 9 लाख रुपए से ज्यादा की राशि

रायपुर। नगर निगम जोन 1 के राजस्व विभाग ने बुधवार को बड़े बकायादारों पर कार्रवाई करते हुए सीलबंदी की। इस दौरान स्थल पर संबंधित तीन बड़े बकायादारों ने तत्काल 9,21,004 की बकाया राशि का भुगतान कर दिया। बकायादार ओशो भवन ट्रस्ट गुढ़ियारी द्वारा 5,19149 रुपए, सुनील कुमार शर्मा द्वारा 2,46,338 रुपए और वालजी भाई कांतिलाल द्वारा 1,55,517 रुपए का भुगतान सीलबंद की कार्रवाई के दौरान स्थल पर कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर उपायुक्त राजस्व जागृति साहू और जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, आशीष शर्मा, संतोष साहू की राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाया गया।



## बिजनेस साइट

### रायपुर में राडा की बोर्ड बैठक संपन्न ऑटो एक्सपो की सफलता पर जताई खुशी



रायपुर। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) की बोर्ड बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में आयोजित राडा ऑटो एक्सपो की ऐतिहासिक सफलता पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रविंदर सिंह ने की। इस अवसर पर अमर पारवानी, अनिल अग्रवाल, मनीष राज सिंघानिया, विवेक गर्ग, कैलाश खेमानी, विवेक अग्रवाल, सुरिंदर आहूजा और अभिनव ऋषि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने ऑटो एक्सपो के सफल आयोजन को टीमवर्क का परिणाम बताते हुए अपने अनुभव साझा किए। सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, परिवहन मंत्री केदार कश्यप और आरटीओ विभाग का विशेष आभार व्यक्त किया। उनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक में ऑटोमोबाइल सेक्टर की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि इस बार एक्सपो में 61,000 से अधिक वाहनों की बिक्री हुई, जो पिछले आयोजन की तुलना में 100 प्रतिशत अधिक है।

### प्रदेश में बीआरडीएस के छात्र डिजाइन और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में बना रहे पहचान

रायपुर। छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों में पिछले कुछ वर्षों में डिजाइन और आर्किटेक्चर के क्षेत्र में करियर बनाने की रुचि तेजी से बढ़ी है। पहले जहां छात्र मुख्य रूप से इंजीनियरिंग और मेडिकल को प्राथमिकता देते थे, वहीं अब बड़ी संख्या में विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पा रहे हैं। राज्य के कई छात्रों ने एनआईएफटी मुंबई, एनआईएफटी नई दिल्ली, एनआईडी भोपाल, एनआईडी कुरुक्षेत्र, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी जोधपुर और सीईपीटी अहमदाबाद जैसे प्रमुख संस्थानों में प्रवेश लेकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। कुछ विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में भी अपनी जगह बनाई है। विशेषज्ञों के अनुसार डिज़ाइन, फैशन, प्रोडक्ट डिज़ाइन, एनीमेशन, यूएक्स और आर्किटेक्चर जैसे क्षेत्रों में भविष्य में व्यापक संभावनाएं हैं। रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित बीआरडीएस संस्थान विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ काउंसलिंग और करियर मार्गदर्शन भी प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में 5 अप्रैल 2026 को ऑल छत्तीसगढ़ डिज़ाइन एप्टिट्यूड टेस्ट का आयोजन किया जाएगा।

# सरोना में 100 बिस्तर वाले अस्पताल का किया भूमिपूजन, स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बुधवार को सरोना क्षेत्र में आदिवासी कन्या छात्रावास के पास 100 बिस्तर वाले नए अस्पताल भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत के साथ 3 मंजिला अत्याधुनिक अस्तपाल निर्माण की आधारशिला रखी। साथ ही संत रविदास वार्ड में 2.08 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों और रायपुर पश्चिम विधानसभा में 2.50 करोड़ की लागत से डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

■ पश्चिम विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल कार्यक्रम में हुईं शामिल



मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह अवसर केवल रायपुर पश्चिम के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य अधोसंरचना के लिए एक मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा पहुंचे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक महस्के, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, महेन्द्र औसर, आशु चंद्रवंशी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### उतरने वाले थे 8 सफाई ...

और आक्रोश देखा गया। अस्पताल परिसर में कल रात तक उन्होंने हादसे को लेकर हंगामा किया था। कल रात से ही अस्पताल परिसर में पुलिस की तैनाती है। आज पूछताछ में पता चला कि एक मृत सफाई कर्मी के जीजा ने ही टैंक की सफाई कराने का ठेका लिया था। वही कर्मचारियों को लेकर रात को टैंक साफ करने पहुंचा था। सफाई कर्मी अनमोल तथा प्रशांत के परिजनों को पता ही नहीं था कि वे अस्पताल में टैंक की सफाई करने गए हैं। दोनों की मौत की खबर आने पर परिजनों को उनके सेप्टिक टैंक में सफाई करने जाने की जानकारी मिली। दोनों के परिजनों को रात नौ बजे के करीब अनमोल तथा प्रशांत की मौत की जानकारी मिली।

### पंजीयक अधिकारी की...

कराई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने पूरे मामले की जांच के लिए एक स्पेशल टीम गठित की है। टीम में साइबर सेल के एक्सपर्ट भी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक जीनियस एकेडमी नामस वाट्सएप ग्रुप में सबसे पहले प्रश्न पत्र वायरल हुआ। जीनियस एकेडमी नामक वाट्सएप ग्रुप की ग्रुप फाउंडर कोई लड़की है। प्रश्न पत्र 13-14 मार्च की दरमियानी रात 2.41 बजे लीक हुआ। वाट्सएप में हस्त लिखित बी सेट का प्रश्न पत्र पोस्ट किया गया था। प्रश्न पत्र लीक मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2008 की धारा 4, 5, 10 तथा बीएनएस की धारा 316 के तहत अपराध दर्ज किया है। ***कोरबा, रायपुर के दो संदेही छात्रों से पूछताछ*** : जिस जीनियस एकेडमी से पेपर लीक होने की बात सामने आई है, पुलिस ने इस मामले में बुधवार को कोरबा तथा रायपुर के दो संदेही छात्रों से पूछताछ की है। छात्रों ने पुलिस को बताया है कि प्रश्न पत्र राज्य के अलग-अलग जिलों के वाट्सएप ग्रुप में वायरल हुआ था। उन्हीं वाट्सएप ग्रुप से उनके पास प्रश्न पत्र का सेट पहुंचने की जानकारी पुलिस को दी। ***टीआई सहित पांच पुलिसकर्मियों की टीम*** : पेपर लीक मामले में कोतवाली टीआई सतीश सिंह के नेतृत्व में दो एसआई, कांस्टेबल की टीम गठित की गई है। इनमें साइबर सेल के पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। परीक्षा लीक मामले में स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के नाम आ रहे हैं। इसीलिए पुलिस छात्रों के पास जाकर पूछताछ कर रही है। रायपुर के जिन छात्र-छात्राओं के नाम पेपर लीक में नाम सामने आए हैं, उनके परिजनों से पूछताछ करने थाने तलब किया है।

### स्कूल शिक्षा मंत्री...

का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। पेपर लीक की घटना को तीन दिन बीत जाने के बावजूद अब तक छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से छात्रों और अभिभावकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा तथा स्कूल शिक्षा मंत्री के निवास का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश सचिव कुणाल, दुबे मोनू तिवारी, जिला महासचिव गावेश साहू, अंकित बंजारे, तनिष्क मिश्रा, ओझ प्रकाश पाण्डेय, शेख अर्सलान, मनीष साहू, हर्ष शर्मा, ओम पाटिल, प्रशांत राव, अभिषेक, वसीम अली आदि छात्र नेता मौजूद थे।

### 10 साल बाद मकानों और ...

फायदा ये होगा कि घरों व दुकानों से कचरा छंटाई अलग-अलग होने से सेकेंडरी पाइंट पर दोबारा इसकी छंटाई की जरूरत नहीं पड़ेगी। दरअसल, रायपुर शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने की तैयारी मे जुटी शहरी सरकार आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन पर जोर दे रही है। इसके लिए पंद्रहवें वित्त आयोग मद में मिलेनियम प्लस सिटी के लिए डस्टबिन क्रय किया जा रहा है। राजधानी के करीबन ढाई लाख मकानों व दुकानों के लिए 1 लाख 60 हजार डस्टबिन खरीदना तय किया गया है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए फरवरी माह में 3 करोड़ 80 लाख का टेंडर किया गया, जिसमें 4 संस्थाओं ने भाग लिया।

## मलबा डालकर किया जा रहा था शासकीय तालाब में अतिक्रमण, प्रशासन ने हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित शासकीय तालाब को पाटकर अतिक्रमण किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलते ही जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर मलबा को हटवाने की कार्रवाई करते हुए तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि पचपेड़ी नाका क्षेत्र में शासकीय तालाब को मलबा से पाटकर अतिक्रमण किया जा रहा था। इसकी शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंची थी। इस शिकायत पर कलेक्टर ने तालाब को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। इस निर्देश के तहत नायब तहसीलदार ज्योति सिंह की उपस्थिति में राजस्व एवं नगर निगम की संयुक्त टीम बुधवार को मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से मलबा को तालाब से हटाने की कार्रवाई कराकर तालाब को अतिरिक्त से मुक्त कराया। तालाब में मलबा पाटने का काम किन लोगों द्वारा किया जा रहा था। इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। नायब तहसीलदार ने बताया कि तालाब में मलबा फेंकने वालों का पता लगाया जा रहा है।

**न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रकरण क्र. 847/2024
आदेश दिनांक 28/2/2026
पेशी दिनांक 20.04.2026
प्रोसेस क्र. 205/2026

मनोज कुमार तेजवानी पिता राजकुमार तेजवानी उम्र 37 वर्ष निवासी तहसीलदार गली, हेमू नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.....आवेदक

**// विरूद्ध //**

प्रिया तेजवानी पति मनोज कुमार तेजवानी उम्र 36 वर्ष निवासी-हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, ब्लाक नं. 02, मकान नं 19, आकाश नगर अवंति विहार तेलीबाधा थाना तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. .......... अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक ने अनावेदिका के विरुद्ध धारा 09 हिन्दू विवाह अधिनियम वास्ते दाम्पत्य जीवन के पुर्नस्थापना बाबत आवेदन पत्र पेश किये है, जिसकी पेशी दिनांक 20.04.2026 को है।

अनावेदिका प्रिया तेजवानी पति मनोज कुमार तेजवानी उम्र 36 वर्ष निवासी-हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, ब्लाक नं. 02, मकान नं 19, आकाश नगर अवंति विहार तेलीबाधा थाना तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 20.04.2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 20.04.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 18/03/2026 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक-18/03/2026
स्थान-बिलासपुर

**(आलोक कुमार)**
**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सूचना //**

माननीय श्रम न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक/33/आईडीएक्ट/2021/रिफरेंस में दिये गये आदेश दिनांक 05.01.2024 एवं उद्घोषणा दिनांक 22.01.2024 का परिपालन नहीं किये जाने के कारण आवेदिका श्रीमती अमिता सिंह पति श्री सुखबीर सिंह, निवासी राजा टाकुर उमीसेठ गोदाम के पीछे पुराना सरकंडा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अनावेदकगणों (1) मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन टोडी, इस्टेट नंबर-5, ए-विंग, द्वितीय तल, सन मिल्स कम्पाउंड, लोवर पोर्टल (वेस्ट) मुंबई (महाराष्ट्र) (2) क्षेत्रीय निदेशक, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन ईस्ट रिजनल आफिस, चतुर्थ तल सेक्टर-ए, मेट्रोपालिटिन को-आपरेटिव काउंसलिंग लिमिटेड कैनाल साउथरोड थाना पुगली मैदान कोलकाता (3) स्टेट मैनेजर, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन, डी नंबर ए/3, विनायक विहार, सिद्धि विनायक मैरिज पैलेस के पास रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) एवं (4) प्रोजेक्ट कार्डीनेटर, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन रिंग रोड नंबर-1, दीनदयाल उपाध्याय नगर सिद्धि विनायक मैरिज हाल के पास रायपुर थाना दीनदयाल उपाध्याय नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) के विरूद्ध परिवाद दायर की अनुमति हेतु श्रमायुक्त, कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के समक्ष में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन में सुनवाई हेतु सक्षम प्राधिकारी सह श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा-34 के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से सूचना पत्र प्रेषित किया गया किन्तु अनावेदकगण किसी भी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुये। अनावेदक क्रमांक 03 एवं 04 से संबंधित डाक बिना तामिली वापस प्राप्त हुआ है। लिफाफा में किस कारण से तामिल नहीं हुआ का कोई उल्लेख नहीं है। प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 08.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे, कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, खण्ड-तीन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर नियत है। अतः इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अनावेदक पक्ष स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उक्त नियत तिथि में अनिवार्यतः उपस्थित रहें। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अपर श्रम आयुक्त
श्रमायुक्त कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ट्रांसपोर्ट बुकिंग के प्रमुख पहुंच मार्गों पर शाम 5 से रात 9 तक व्यापारियों का संयुक्त निरीक्षण

**मालवाहक वाहनों के प्रतिबंध का मामला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में ट्रांसपोर्ट बुकिंग के प्रमुख पहुंच मार्गों पर शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक मालवाहक वाहनों के प्रतिबंध से उपजी स्थिति को लेकर व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान विस्तार से चर्चा कर सुझाव तैयार किए गए। अब इन सुझावों को प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, ने संयुक्त रूप से बताया कि व्यापारिक प्रतिनिधियों ने स्टेशन रोड, तेलघानी नाका, भैंसथान, गुढियारी, अग्रसेन चौक, प्रभात टॉकीज, संजय गांधी चौक, नहरपारा सहित प्रमुख ट्रांसपोर्ट एवं बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण किया है।

निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, माल बुकिंग, लोडिंग-अनलोडिंग एवं आवागमन की वास्तविक स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद व्यापारी संगठनों ने सुगम आवागमन को लेकर चर्चा कर सुझाव तैयार किए। व्यापारी संगठनों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं व्यापारियों के समन्वय से ऐसा संतुलित समाधान अवश्य निकलेगा, जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। यही नहीं आम नागरिकों को भी जाम से राहत मिलेगी एवं व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित होती रहेंगी।

बैठक में कैट एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इनमें अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, राजेन्द्र जग्गी, भरत जैन, संजय जादवानी, जय नानवानी, जयराम कुकरेजा, महेश जेठानी, विजय शादिजा, सुधीर बजाज, महेन्द्र तलरेजा,कन्हैया महतो सहित अन्य व्यापारी संगठन प्रतिनिधि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### सहकारी प्रशिक्षण को सुचारू रूप से चलाने की दिशा में लिया निर्णय

रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित संघ मुख्यालय चौबे कॉलोनी में बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन और रूपरेखा तय करने के लिए आयोजित की गई। बैठक में शीर्ष सहकारी संस्थाएं, इफको, कृभको, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं विभिन्न जिलों से जिला सहकारी संघ के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी वर्ष के लिए सहकारी संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, सदस्यता विस्तार एवं सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी दौरान राज्य सहकारी संघ की प्रबंध संचालक पूर्णिमा सिंह ने अधिकारियों ने कहा कि, 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी समितियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा के लिए प्रत्येक त्रैमासिक पर समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि, वर्ष 2026-27 के वार्षिक सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित बजट के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इफको से आए अधिकारी दिनेश गांधी, जिला सहकारी संघ दुर्ग के प्रबंधक कमलेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### अवैध निर्माण-प्लॉटिंग पर कार्रवाई



रायपुर। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर बुधवार को धरसीवां तहसील के ग्राम परसुलीडीह में अवैध प्लाटिंग-निर्माण पर सख्त कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 54 के एक हिस्से में 17 मार्च को अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद 18 मार्च को उसी स्थान पर बोरिंग का कार्य किया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही धरसीवां तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे सहित राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम ने दोबारा यहां कार्रवाई करते हुए दो बोरिंग मशीन और चार वाहन जब्त किए हैं। जब्त वाहन विधानसभा थाना के सुपुर्द किया है।

### रायपुर-बिरगांव में सुबह 5 से रात 12 बजे तक भारी वाहन प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

रायपुर। रायपुर एवं बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था एवं लोक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए रिंग रोड 1 एवं रिंग रोड 2 से शहर के भीतर आने वाले 18 प्रमुख प्रवेश मार्गों पर मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन पर समयबद्ध प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध प्रतिदिन सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। यह आदेश आगामी 1 माह तक लागू रहेगा। प्रशासन ने यह आदेश शहर में दिनभर में यातायात दबाव को नियंत्रित करने, दुर्घटनाओं की संभावना कम करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बना रहे।

### प्रोजेक्ट राहत के तहत ओमप्रकाश को सहायता राशि स्वीकृत

रायपुर। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट राहत के अंतर्गत राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6(4) के प्रावधानों के तहत पिछले 10 माह में कुल 95 हितग्राहियों के परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। यह पहल प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इसी क्रम में केंद्री अभनपुर के निवासी मृतक बलदेव साहू के पुत्र ओमप्रकाश को 4 लाख रुपए का सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है।

## नागरिक आपूर्ति निगम गोदामों में गाड़ियों का टोटा

# हर माह भंडारण में लेटलतीफी, ऊपर से तीन माह का चावल बांटने का आदेश

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों का टोटा होने के कारण उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण मांग और खपत के अनुसार नहीं किए जाने के कारण एक ओर जहां शत प्रतिशत हितग्राहियों को एक महीने का खाद्यान्न बंट नहीं पा रहा है, वहीं दूसरी ओर शासन ने अब अप्रैल से तीन महीनों का एक साथ चावल बांटने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत एपीएल कार्ड धारकों को छोड़कर अन्त्योदय, प्राथमिकता निराश्रित सहित अन्य कार्ड धारकों को अप्रैल, मई और जून का चावल एक साथ वितरित किया जाएगा।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण की संचालक डा. फरिहा आलम ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस आदेश में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को अप्रैल, मई और जून का सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम (सीजीएफएसए) एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना (एमकेएसवाय) के तहत एपीएल को

### फरवरी-मार्च का एक साथ बंटा चावल

चालू वित्तीय वर्ष में ही फरवरी और मार्च महीने का चावल एपीएल कार्ड धारकों को छोड़कर अन्य धारकों को एक साथ वितरण करने का आदेश शासन ने जारी किया था। इसके तहत प्रदेशभर में दो माह का चावल भी बांटा गया, लेकिन फरवरी माह में 70 प्रतिशत धारकों को ही चावल वितरित हो पाया था। इसके कारण मार्च महीने में भी बचे हुए धारकों को चावल बांटा गया।



### एपीएल धारकों को एक माह का बंट नहीं पाया चावल

*दो माह का चावल वितरण करने के आदेश के कारण कई जिलों में एपीएल कार्ड धारकों में कईयों को एक माह का चावल नसीब नहीं हो पाया। इसकी वजह एपीएल चावल का पर्याप्त मात्रा में भंडारण नहीं किया जाना है। सूत्रों के अनुसार मार्च महीने में भी अलग-अलग जिलों में लगभग 30 से 40 प्रतिशत तक एपीएल कार्ड धारकों को खाद्यान्न बंट नहीं पाया है। अगर माहांत तक बचे धारकों को चावल बंट नहीं पाया तो वह लैब्स हो जाएगा।*

### तीन माह का चावल बांटना बन सकती है चुनौती

*शासन के निर्देश के तहत एक साथ तीन माह का चावल बाटा जाना है। इसके लिए सबसे अहम है राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में समय पर चावल का भंडारण किया जाना। गाड़ियों के टोटा के बीच दुकानों में भंडारण करना विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं होगा।*

### नान में ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों का टोटा, इसलिए भंडारण में दिक्कत

नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों से उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर और नमक का भंडारण किया जाता है। इसके लिए ट्रासंपोर्टिंग एजेंसियों से शासन स्तर पर अनुबंध भी हुआ है। इस अनुबंध के तहत सामान्य दिनों में गोदामों में जितनी गाड़ियां हर दिन लगाई जानी हैं, उसकी आधी गाड़ियां भी नहीं लगाई जा रही हैं। इसके कारण उचित मूल्य की दुकानों में हर महीने चावल, शक्कर और नमक का भंडारण मांग और खपत के अनुसार नहीं हो पा रहा है, जिसका असर खाद्यान्न वितरण पर पड़ रहा है और हर महीने 5 से 10 प्रतिशत तक हितग्राहियों में किसी को चावल तो किसी को शक्कर, नमक नहीं मिल पाता।

# अवैध वेंडिंग पर आरपीएफ ने 3 महीने में की 170 कार्रवाई मंडल में 400 से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अवैध वेंडिंग के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल और शासकीय रेलवे पुलिस ने संयुक्त रूप से अपना अभियान तेज कर दिया है। यात्रियों से लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर प्लेटफॉर्म से लेकर ट्रेनों के भीतर तक बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री बेचने वालों पर बीते तीन महीनों में बढ़ी संख्या में कार्रवाई की गई है।

आरपीएफ अफसरों से मिली जानकारी के मुताबिक जनवरी से मार्च के बीच अकेले रायपुर स्टेशन पर 170 से अधिक अवैध वेंडरों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा रायपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर यह आंकड़ा 400 के पार पहुंच चुका है। बता दें कि यात्रियों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों के बाद आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त जांच अभियान बढ़ा दिया है। पैंट्रीकार सहित एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों में अवैध रूप से सामग्री बेचने वालों पर अब विधिवत कार्रवाई की जा रही है। इन सभी पर रेलवे एक्ट की धारा 144 और 147 के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

**असामाजिक तत्वों और गांजा तस्करों की जांच तेज:** रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों और गांजा तस्करों पर लगाम कसने के लिए जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से जांच और गश्त काफी बढ़ा दी है। पुलिस की इस सख्ती और लगातार चेकिंग अभियान के चलते स्टेशन परिसर और ट्रेनों में आपराधिक मामलों में भारी कमी देखने को मिली है। इसके अलावा, यात्रियों के चोरी हुए सामान की रिकवरी (बरामदगी) के मामलों में भी लगातार बड़ी सफलता मिल रही है।

### 5 वेंडर गिरफ्तार, 2 क्विंटल सामान पर जुर्माना

*अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से बुधवार को भी नियमित खानपान जांच अभियान चलाया गया। इस सघन चेकिंग के दौरान 5 अनधिकृत विक्रेताओं को पकड़कर आरपीएफ के हवाले किया गया। इसके अलावा, जांच के दौरान 2 क्विंटल बिना बुक किया हुआ सामान (लगेज) भी पकड़ा गया, जिस पर रेलवे द्वारा 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।*

## सिविल लाइंस, खमतराई थाना क्षेत्र की धटना

# किशोरी से रेप के दो अलग-अलग केस में आजीवन कारावास, 10 वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेप के दो अलग-अलग प्रकरण में कोर्ट ने एक आरोपी को आजीवन कारावास तथा एक अन्य को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। जिस आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, उस प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की पाक्सो कोर्ट में हुई है। एक अन्य मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अनीता ध्रुव की पाक्सो कोर्ट में हुई है।

■ शादी करने का झांसा देकर हैदराबाद ले गया आरोपी

विशेश लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के अनुसार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के प्रकरण में मोहम्मद रहमत अंसारी को कोर्ट ने 13 वर्षीय किशोरी से रेप के आरोप में आजीवन



कारावास की सजा सुनाई है। रहमत अंसारी ने अपने पड़ोस में रहने वाली किशोरी को गार्डन के पास बुलाया, इसके बाद उसे मॉल घुमाने ले जाने तथा शादी करने का झांसा देकर हैदराबाद ले गया। आरोपी किशोरी को हैदराबाद के बाद झारखंड ले गया, इसके बाद किशोरी को सामान लाने का बहाना कर छोड़कर फरार हो गया। आरोपी रहमत अंसारी किशोरी को 27 दिसंबर को अपने साथ भगाकर ले गया था। किशोरी के परिजनों ने अपनी बेटी के अपहरण होने की थाने में तीन जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### बाथरूम में बंद कर किशोरी से रेप

विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान के अनुसार कोर्ट ने सचिन बाघ को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। किशोरी ने खमतराई थाने में 24 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने एक पड़ोसी के यहां सब्जी लेने गई थी। इस दौरान अपचारी बालक ने किशोरी का हाथ खींचकर बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद सचिन ने बाथरूम के अंदर प्रवेश कर उससे रेप किया।

## स्वर्णभूमि सोसाइटी में निर्विरोध चुनाव, नितिन की पहल से बना इतिहास



रायपुर। रायपुर की सबसे सुंदर एवं सुसज्जित कॉलोनी स्वर्णभूमि ने हाल ही में एक नया इतिहास रच दिया। विगत दिनों स्वर्णभूमि सोसाइटी के चुनाव की अधिसूचना जारी की गई, जिसके बाद रहवासियों के बीच चुनाव को लेकर चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया। स्वर्णभूमि अपने नाम के अनुरूप ही एक उत्कृष्ट और सुव्यवस्थित कॉलोनी है। यहां के रहवासियों में इस बात को लेकर भी चर्चा थी कि बिल्डर द्वारा कॉलोनी का विकास अत्यंत सराहनीय तरीके से किया गया है, जो वास्तव में काबिले-तारीफ है। इसी बीच चुनाव को लेकर संभावित प्रतिस्पर्धा और मतभेदों की आशंका को देखते हुए समाजसेवी नितिन अग्रवाल ने एक सराहनीय पहल की। उन्होंने सभी रहवासियों को एक साथ एकत्रित कर आपसी सहमति से चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा। नितिन अग्रवाल एवं बिल्डर राजेश अग्रवाल ने मिलकर निर्विरोध चुनाव कराने के लिए पूरी तत्परता से प्रयास किए। उनके प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया।

# आधार आधारित उपस्थिति, डीए एरियर्स और संविदा नियुक्ति सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**इंद्रावती भवन से लेकर जिलों व ब्लॉकों तक फेडरेशन का जंगी प्रदर्शन**



प्रदेशभर के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को नवा रायपुर के इंद्रावती भवन सहित जिलों व प्रदेश के विभिन्न विकासखंडों में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर किए गए आंदोलन में आधार आधारित उपस्थिति, डीए एरियर्स और संविदा नियुक्ति जैसे मुद्दों को लेकर आक्रोश दिखा।

**11 सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी**

फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं संभाग प्रभारी तथा महासचिव चंद्रशेखर तिवारी के मार्गदर्शन में रायपुर एवं नवा रायपुर में आयोजित आंदोलन में बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुए। प्रांतीय प्रवक्ता पंकज पांडेय एवं राकेश शर्मा, जिला संयोजक पीतांबर पटेल, नवा रायपुर विभागाध्यक्ष कार्यालय के अध्यक्ष जयकुमार साहू, प्रांतीय सचिव संजय सिंह एवं नवा रायपुर संयोजक संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में नारेबाजी लगाते हुए प्रदर्शन किया। महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बलौदाबाजार में भी संबंधित जिला संयोजकों टेकराम सेन, चंदूलाल चंद्राकर, एम. आर. खान और एल. एस. ध्रुव के नेतृत्व में अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी लेकर रहीबो के नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया।

दुर्ग संभाग में संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी के मार्गदर्शन में और जिला संयोजक विजय लहरे के नेतृत्व में आंदोलन को व्यापक समर्थन मिला। राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम और मानपुर–मोहला में क्रमशः जिला संयोजक सतीश व्यौहारे, लोकेश साहू, अश्वनी बनर्जी, अर्जुन चंद्रवंशी और ओ. पी. माहला के नेतृत्व में रैलियां निकाली गईं और कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। बिलासपुर संभाग में संभाग प्रभारी जीआर चंद्रा, पवन शर्मा एवं रोहित तिवारी के मार्गदर्शन में तथा जिला संयोजक डॉ. बीपी सोनी के नेतृत्व में हुए आंदोलन में कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। जांजगीर–चांपा, कोरबा, मुंगेली, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही, रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिलों में भी जिला संयोजक विश्वनाथ परिहार, जे. पी. खरे, जे. एस. ध्रुव, डॉ. संजय शर्मा, आशीष रंगारी एवं फकीरा यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इसी तरह बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग में भी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी, अधिकारी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

### फेडरेशन की प्रमुख मांगें

- मोदी की गारंटी के अनुसार जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग।
- प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग।
- मध्यप्रदेश की तर्ज पर अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस किया जाए।
- लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करें।
- शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने की मांग।
- सहायक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे।
- अनुकंपा नियुक्ति को निःशर्त लागू कर 10 फीसदी की वर्तमान सीमा समाप्त कर सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।
- पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने, नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति की मांग।
- अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली एवं सेवानिवृत्ति के बाद संविदा नियुक्ति तत्काल बंद हो।

## राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) की स्थापना की जा रही

**संस्था का भारत में सोसाइटी, ट्रस्ट या सेक्शन-8 कंपनी के रूप में विधिवत पंजीकृत होना अनिवार्य**

# अब शुरू होगा प्राकृतिक खेती मिशन, तकनीकी और प्रबंधकीय सहयोग के लिए एनजीओ को बुलावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब जल्द ही प्राकृतिक खेती की शुरुआत होने वाली है। इसके लिए शासन के कृषि विभाग ने राज्य में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है । विभाग ने राज्य स्तर पर तकनीकी और प्रबंधकीय सहयोग प्रदान करने के लिए एक राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) की स्थापना की जा रही है । इसके लिए पात्र एवं अनुभवी गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और निजी संस्थाओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है।

### मिशन का मुख्य उद्देश्य

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत संचालित इस मिशन का लक्ष्य रासायनिक खेती के बजाय प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना है । इससे न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि कृषि लागत में कमी आने से किसानों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी ।



### क्या है राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे नवंबर 2024 में एक स्वतंत्र केंद्रीय प्रायोजित योजना के रूप में मंजूरी दी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य रासायनिक खेती के बजाय पारंपरिक और प्राकृतिक तरीकों को बढ़ावा देना है। इस मिशन की मुख्य बातें ये हैं- रसायन मुक्त खेती के तहत कृषि में उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे रसायनों के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करना।

### ये हैं पात्रता और शर्तें

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह जुड़ाव पूर्णतः गैर-वित्तीय आधार पर होगा । आवेदन करने वाली संस्थाओं के लिए ये मानदंड निर्धारित हैं। संस्था का भारत में सोसाइटी, ट्रस्ट या सेक्शन-8 कंपनी के रूप में विधिवत पंजीकृत होना अनिवार्य है । प्राकृतिक खेती या एग्रो-इकोलॉजी के क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव होना चाहिए । संस्था के पास पर्याप्त तकनीकी और प्रबंधकीय मानव संसाधन उपलब्ध होने चाहिए । इच्छुक संस्थाएं अपना प्रस्ताव 26 मार्च 2026 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकती हैं ।

### मिशन के प्रमुख लक्ष्य

इस मिशन के लक्ष्यों में यह शामिल है -किसानों तक पहुँच, देश के लगभग 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य।क्षेत्रफल- 7.5 लाख हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाना। क्लस्टर दृष्टिकोण- योजना को लागू करने के लिए 15 हजार ग्राम पंचायत समूहों (क्लस्टर ) का गठन किया जाएगा। देश भर में 10 हजार बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जहाँ किसानों को प्राकृतिक खाद और कीटनाशक (जैसे जीवामृत, बीजामृत) आसानी से उपलब्ध होंगे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




## सिटी लाइव

## स्टूडेंट्स ने जाना कंप्यूटर विजन कॉन्सेप्ट्स, डिजाइन और अनुसंधान



**रायपुर।** एनआईटी में 'मॉडर्न डीप लर्निंग आर्किटेक्चर्स इन कंप्यूटर विजन' विषय पर राष्ट्रीय वर्कशॉप आयोजित हुई। यह आयोजन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य कंप्यूटर विज़न कॉन्सेप्ट्स, डिज़ाइन और अनुसंधान की प्रवृत्तियों को एक साझा मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी हैदराबाद के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. सी. कृष्णा मोहन रहे। उन्होंने बताया कि डीप लर्निंग के ज्ञान के माध्यम से अनेक जटिल समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने एआई के क्षेत्र में अपने पूर्व अनुभव साझा किए और प्रतिभागियों को निरंतर सीखते रहने एवं ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, वर्कशॉप में जेएनवी नई दिल्ली के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड सिस्टम साइंस के प्रो. डॉ. टीवी विजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटी रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. एनडी लोंढे और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. श्रीश वर्मा, कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. सुवेंदु रुप एवं डॉ. दीपिका अग्रवाल, फैकल्टी मेम्बर्स और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### 74 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में लिया भाग

*सबसे पहले अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. सुवेंदु रुप ने बताया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 74 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया है। डीप लर्निंग कई समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी तकनीक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला सुव्यवस्थित रूप से आयोजित की गई है, जिसमें रिकॉरेंट न्यूरल नेटवर्क, ऑटोइनकोडर के अनुप्रयोग तथा कन्वॉलूशनल न्यूरल नेटवर्क और उसके उपयोगों पर चर्चा की जाएगी। डॉ. सुधाकर पांडे ने बताया कि पिछले एक दशक में कंप्यूटर विज़न के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है। यह पूरा पाठ्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से तैयार किया गया है, जिससे यह प्रतिभागियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा तथा आधुनिक डीप लर्निंग के प्रति एक नई दृष्टि प्रदान करेगा।*

'श्रद्धा-भक्ति के वातावरण में गुरुवार से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ होगा। इससे पहले रंगीन लाइटों से सभी देवी मंदिर जगमगाने लगे हैं। जहां अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.36 से दोपहर 12.24 के बीच मंत्रोच्चार के साथ मां महामाया मंदिर, काली मंदिर, बंजारी धाम सहित सभी देवी मंदिरों में ज्योत कलश स्थापित होंगे। वहीं, ज्योत-जंवारा कक्ष में सेवा देने वाले बैगा और पंडा का दायित्व जिम्मेदारों ने तय किया है। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को व्यवस्था से जोड़ने का दायित्व वालंटियर्स निभाएंगे।'

# रंगीन लाइटों से जगमगाए देवी धाम, घट स्थापना संग चकमक पत्थर की चिंगारी से प्रज्जवलित होंगे ज्योत

## राजधानी के देवी मंदिरों में ज्योति कलश का दायित्व तय, बैगा और पंडा नौ दिनों तक माता के दरबार में देंगे सेवा

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि शुरू होने से पहले बुधवार की देर-रात तक मंदिर प्रबंधन ने तैयारी को अंतिम रूप दिया। सभी देवी धाम में ज्योति कलश स्थापित करने के लिए विशेष रूप से स्थान तैयार किए गए हैं। जहां तेल और घी डालने के साथ ही देखभाल के लिए आने-जाने के लिए पर्याप्त रास्ता बनाया गया है, ताकि दर्शन के लिए मनोकामना ज्योत कलश तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। इस बार भी मां महामाया मंदिर में तांबे के ज्योत कलश सजाए गए हैं। वहीं, अन्य देवी मिट्टी के कलश रखने की व्यवस्था की गई है। कई देवी मंदिरों में लक्ष्य के अनुरूप व्यवस्था होने पर स्थापना से पहले भी दान राशि जमा करने वालों को ज्योत जलवाने का अवसर दिया जाएगा। इसके चलते देर-रात तक प्रबंधन से जुड़े जिम्मेदार यह नहीं बता पाए कि कुल कितने ज्योत प्रज्वलित होंगे।





### आज अभिजीत मुहूर्त में जगमगाएंगे हजारों ज्योत

पुरानी बस्ती स्थित मां राजराजेश्वरी देवी महामाया मंदिर में 11 हजार ज्योत कलश स्थापना की तैयारी है। यहां केवल तेल के ज्योत ही प्रज्जवित होंगे। इसके लिए दान राशि 700 रुपए तय की गई है। वहीं, आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर में 3100 ज्योत जलवाने की व्यवस्था है। यहां तेल ज्योत के लिए 1050 और घी ज्योत के लिए 2100 रुपए दान राशि तय है। इसी तरह शीतला माता मंदिर में एक हजार ज्योत कलश स्थापना की व्यवस्था है। यहां 900 रुपए तेल और तीन हजार रुपए घी ज्योत के लिए पंजीयन के लिए देय है। वहीं, बंजारी धाम में 10 हजार से ज्यादा ज्योत कलश के लिए व्यवस्था की गई है।



### जसगीत गायन के लिए मंडलियों को दिया न्योता

नवरात्र में माता के दरबार में जसगीतों से माता की आस्था से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति देने के लिए मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों ने कई मंडलियों को न्योता दिया है। वहीं, बढ़ते रुझान को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने पंजीयन के लिए केन्द्र सुबह भी शुरू रखने की व्यवस्था तय की है। साथ ही बैगा और कर्मचारियों की संयुक्त टीम को ज्योत कलश कक्ष की साफ-सफाई और व्यवस्था बनाने के लिए रहने- खाने की व्यवस्था बनाई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता तैयारी की गई है। प्रबंधन ने ज्योत कक्ष में श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर देने के लिए बैगा और पंडा की टीम को ही जिम्मेदारी दी है, ताकि पवित्रता के लिहाज से किसी प्रकार से अव्यवस्था की स्थिति न बनने पाए।



**समाज लाइव**

## सिंधु शक्ति ने अंबेडकर अस्पताल में मरीजों को वितरित किया फल



**रायपुर।** सिंधु शक्ति संस्था वर्षभर मानव सेवा के लिए काम करती है। वहीं, समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के चेट्रीचंड्र महोत्सव पर भी संस्था द्वारा कई आयोजन किए जाते हैं। चेट्रीचंड्र महोत्सव पर सुबह से मानवाछित रक्तदान शिविर का हर साल आयोजन किया जाता है। सुबह से भंडारा और शाम को भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा का स्वागत किया जाता है। सांस्कृतिक मंच से विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया जाता है। यह सभी कार्यक्रम मानव सेवा की भावना से तीन दिनों तक लगातार किया जाता है। इसी के अंतर्गत चेट्रीचंड्र महोत्सव से दो दिन पूर्व बुधवार को संस्था ने वृद्धाश्रम और बाल आश्रम सहित अंबेडकर के मरीजों को फल वितरित करते हुए झूलेलाल महोत्सव की खुशियां साझा कीं।

### आज प्रेरणा आश्रम में पहुंचेंगे संस्था को लोग

इस कार्यक्रम को पारंपरिक तरीके से आगे बढ़ाते हुए संस्था के संस्थापक किशोर आहूजा, मनोज डेंगवानी, अध्यक्ष राजूभाई तारवानी, रवि तेजवानी, भरत पमनानी, अनिल राघवानी, प्रदीप सिहानी, गौरव मंधानी, राकेश डेंगवानी द्वारा सेवा दी गई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को इसी कड़ी में संस्था के सदस्य हीरापुर स्थित प्रेरणा मूक-बधिर आश्रम में पहुंचेंगे। वहां रहने वाली दिव्यांग बच्चियों को आवश्यक सामग्री वितरित करेंगे। इसमें फल-फ्रूट, चिप्स-बिस्कुट, चॉकलेट, फ्रूटी आदि का वितरण करते हुए महोत्सव में उन्हें भी शामिल किया जाएगा।

**सिटी लाइव**

## मराठी समाज के गुड़ी पड़वा उत्सव में आज मचेगी धूम

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में गुरुवार की शाम 6:30 बजे मराठी समाज के द्वारा गुड़ी पड़वा उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर मंडल के लॉन एरिया में हिंदू स्वाभिमान की पहचान भगवा ध्वज फहराया जाएगा। इसके पास मराठी परंपरा के तहत गुड़ी उभारी जाएगी। मंडल के सचिव आचार्य चेतन दंडवते ने कहा कि चैत्र शुद्ध प्रतिपदा क्षय होने के कारण अमावस्या समाप्ति के बाद सुबह 7:13 मिनट पर गुड़ी उभारनी के बाद ही घरों में पूजा हो पाएगी। आस्था काले ने बताया कि गुड़ी पड़वा पर घर के मुख्य द्वार या दाईं ओर बांस की छड़ी पर पीला, लाल रेशमी कपड़ा, नीम- आम के पत्ते, फूलों की माला और तांबे का उल्टा कलश लगाकर गुड़ी पूजा की जाएगी।



### सभासदों की उपस्थिति से सजेगा उत्सव

मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने बताया कि मंडल में शाम 6:30 बजे गुड़ी उभारकर हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा का पर्व की धूम रहेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराम बलिराम हेडगेवार की जयंती भी मनाई जाएगी। 'हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा का महत्व' और 'डॉ. हेडगेवार भारतीय समाज में आज भी प्रासंगिक' पर विषय विशेषज्ञ आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। श्री काले ने बताया कि इस मौके पर मंडल की कार्यकारिणी, पदाधिकारियों सहित सभासदों की उपस्थिति रहेगी। जहां तय विषय की प्रासंगिकता पर वैचारिक मंथन होगा।

**धर्म लाइव**

## महावीर स्वामी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने निकाली प्रभात फेरी



**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 रायपुर नगर में भव्य रूप से मनाया जा रहा है। भगवान महावीर स्वामी का संदेश देने 12 मार्च से महोत्सव का आयोजन किया गया है, जो महावीर जयंती यानी 31 मार्च तक चलेगा। इसी क्रम में बुधवार को डीडी नगर में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने भगवान महावीर का संदेश देते हुए लोगों से अपील की कि वे शादियों में दहेज की मांग न करें, सड़क पर नाच-गाना न करें। साथ ही शादी में सादगीपूर्ण निमंत्रण, संगीत संध्या का आयोजन नहीं करने, भोजन के दौरान 31 से ज्यादा खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने, महिला वेटर को नहीं बुलाने, नॉनवेज नहीं खाने, पशु-पक्षियों के आकार में सलाद नहीं काटने, शादी में पटाखों का उपयोग न करने का संदेश दिया गया।

### डीडी नगर जैन मंदिर में 21 ने किया रक्तदान

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 में सेवाकार्य अंतर्गत 16 से 30 मार्च तक 15 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में डीडी नगर के श्री 1008 वासुपूज्य जैन मंदिर में बुधवार को 21 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने बताया कि हमारा रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन संवार सकता है, इससे बड़ा दान कुछ नहीं हो सकता है। साथ ही उन्होंने सभी से रक्तदान करने का आग्रह किया।

● फिल्म आज से सिनेमाघरों में देगी दस्तक, जोरा मॉल में एक ही दिन में 22 शो का बनेगा रिकार्ड

# धुरंधर-2 के रिलीज से पहले फिल्म के पेड प्रीव्यू शो को लेकर दर्शकों में दिखा जबरदस्त क्रेज

बॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर-2 को लेकर दर्शकों में गजब की दीवानगी देखी जा रही है। आखिरकार जिस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, वो फिल्म आज सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म 'धुरंधर-द रिवेंज' के रिलीज से पहले राजधानी के जोरा मॉल पीवीआर में बुधवार को शाम 5 बजे से फिल्म के पेड प्रीव्यू शो देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी।





**रायपुर।** पीवीआर के मैनेजर आलोक झा ने बताया कि फिल्म के रिलीज से पहले शाम 5 से पहला प्रीव्यू शो दिखाया गया। इसको लेकर सिटी के ऑडियंस में जबर्दस्त क्रेज देखने को मिला। शहर के मल्टीप्लेक्स में एडवांस बुकिंग फुल हो चुकी है और दर्शकों में फिल्म को लेकर भारी उत्साह है। जोरा मॉल पीवीआर में बुधवार को शाम 5 बजे से फिल्म का पहला शो शुरू हुआ। वहीं, आखिरी शो रात 10:45 बजे तक चला। खास बात यह है कि आज रिलीज डे पर जोरा मॉल में एक ही दिन में 22 शो चलाए जाएंगे, जो अपने आप में बड़ा रिकॉर्ड होगा। सिर्फ जोरा मॉल में ही रोजाना 3 हजार से ज्यादा दर्शक फिल्म देखने पहुंचेंगे। दर्शकों की फिल्म को लेकर दीवानगी को देखते हुए पीवीआर में जरूरी तैयारियां की गई हैं, ताकि दर्शकों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न उठाना पड़े और फिल्म का फैमिली-फ्रेंड्स के साथ एंजॉय कर सकें।

### सस्पेंस से भरा पैसा वसूल फिल्म

जोरा पीवीआर से धुरंधर-2 के पेड प्रीव्यू शो देखने के बाद दर्शकों की तरफ से फिल्म को लेकर शानदार प्रतिक्रिया सामने आई है। दर्शकों का कहना था कि 'धुरंधर' की ही तरह धुरंधर-2 भी पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में सस्पेंस और थ्रिलर का बेजोड़ मिश्रण आखिर तक बांधे रखता है। पेड प्रीव्यू शो 4 घंटे देखने के बाद भी कहीं भी बोर नहीं लगा। फिल्म में एक्टिंग व डॉयलाग भी कमाल के हैं।








### 15 हज़ार से ज़्यादा लोग प्रतिदिन फिल्म देखेंगे

शहर के अलग -अलग मल्टीप्लेक्स में 15 हज़ार से ज़्यादा लोग प्रतिदिन फ़िल्म देखेंगे। फिल्म के क्रेज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सभी मल्टीप्लेक्स में रिक्लाइनर सीटें अगले 4 दिनों तक पूरी तरह से बुक हो चुकी हैं। कुल मिलाकर धुरंधर- 2 रायपुर में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने को तैयार है और दर्शक फिल्म को खूब एंजॉय करने के मूड में दिख रहे हैं।

### एडवांस बुकिंग में रिकॉर्ड टिकट बिके

धुरंधर -2 में कहानी हमजा के उदय और बदले की ओर बढ़ती है। वह अब पाकिस्तान की अपराधी और राजनीतिक दुनिया में शक्तिशाली बन चुका है। फिल्म उसके बैकस्टोरी पर गहराई से रोशनी डालेगी और बड़े खतरों से मुकाबला दिखाएगी। ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों में खासा उत्साह है। एडवांस बुकिंग में रिकॉर्ड टिकट बिके हैं और कई थिएटरों में 24 घंटे शो चलाने की तैयारी है। फिल्म पहले ही सैटेलाइट और ओटीटी अधिकारों से 245 करोड़ कमाकर प्रॉफिट में है। फिल्म ट्रेड एक्सपर्ट इसके 1000 करोड़ क्लब में शामिल होने का अनुमान लगा रहे हैं।

### कई भाषाओं में रिलीज देशभर में देख सकेंगे लोग

पूरे देश में फिल्म कई भाषाओं में आज सिनेमा घरों में रिलीज हो रही है। फिल्म के पहले पार्ट ने धुआंधार कमाई की थी। अब फिल्म के अगले पार्ट से भी यही उम्मीद है। धुरंधर 2 यानी धुरंधर द रिवेंज पैन इंडिया रिलीज के साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु समेत कई भाषाओं में आने वाली है। इस फिल्म में सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकार भी हैं। यामी गौतम ने स्क्रीनिंग के बाद इसे 'बियॉन्ड एक्स्ट्राऑर्डिनरी' बताया। निर्देशक आदित्य धर ने देशभक्ति और एक्शन से भरपूर कहानी देने का वादा किया है।

## ट्राइसिकल्स पाकर खिले चेहरे, जांच के बाद जरूरतमंदों को दिया हियरिंग एड्स

**रायपुर।** शहर के वृंदावन हाल में बुधवार की शाम उत्सव जैसा माहौल रहा। यहां रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स की अध्यक्ष दूरदर्शी, सचिव प्रभजीत कौर भाटिया के सशक्त प्रयास और प्रोजेक्ट चेयरपर्सन रोटेरियन नीलम के कुशल मार्गदर्शन में 'प्रोजेक्ट मुस्कान : क्षमता और श्रवण शक्ति का उपहार' का भव्य आयोजन किया गया। इस सेवा प्रधान एवं प्रभावशाली पहल के माध्यम से विशेष रूप से दिव्यांगों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक प्रयास किया गया। इस कड़ी में लाभार्थियों की पहले ऑडियोमेट्रिक जांच की गई। इससे उनकी आवश्यकताओं का सटीक आकलन सुनिश्चित करते हुए जरूरतमंदों को 20 हियरिंग एड्स वितरित किए गए। इसी श्रृंखला में 15 लोगों को ट्राइसिइकल्स उपलब्ध करवाया गया। इसे पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटी।



### आधुनिक संसाधन से लाभार्थियों को मिली नई उम्मीद



आधुनिक संसाधन प्राप्त करते समय लाभार्थियों के चेहरों पर नई उम्मीद और जीवन की नई आस जगी। उत्साह और भावनात्मक संतोष के भाव ने वातावरण को भावुक एवं ऊर्जा से भर दिया। यह दृश्य इस बात का जीवंत प्रमाण रहा कि पहल केवल सहायता नहीं, बल्कि जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास मिला है। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल के साथ सिटी कोऑर्डिनेटर भरत डागा, डीएसजी सोमनाथ अग्रवाल एवं सुनील बलानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने स्वयं भी वितरण में सहभागिता निभाते हुए इस सेवा कार्य को और अधिक सार्थकता प्रदान की। इस गरिमामय आयोजन की साक्षी आयोजन संस्था की मेंबर्स बनीं।

## आज से अवधपुरी मैदान में श्री शतचंडी महायज्ञ और श्रीराम कथा



**रायपुर।** श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का विराट आयोजन अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी, रायपुर में किया जाएगा।यह आयोजन श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 19 से 27 मार्च तक होगा। बुधवार को पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पिताम्बर महाराज ने बताया कि हिमालय ऋषि परंपरा के महान तपस्वी एवं हठयोगी परम पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी ब्रह्मचारी रक्ताम्बर जी महाराज का यह छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन है। उनके पावन सान्निध्य से संपूर्ण प्रदेश में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बनने की उम्मीद है। वर्षों की कठिन तपस्या और योग साधना से आलोकित स्वामी जी की उपस्थिति इस महायज्ञ को विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगी।

आयोजन के दौरान जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के परम कृपापात्र एवं सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य उज्ज्वल शांडिल्य महाराज प्रतिदिन श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का दिव्य रसपान कराएंगे। उनके प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालु धर्म, भक्ति और सनातन संस्कृति के गूढ़ संदेशों को आत्मसात कर सकेंगे। आयोजन का मुख्य आकर्षण श्रीशतचंडी महायज्ञ होगा, जिसे सनातन परंपरा में अत्यंत शक्तिशाली और कल्याणकारी अनुष्ठान माना जाता है।

### विशेष अनुष्ठान भी संपन्न किए जाएंगे

आयोजन समिति के अनुसार इस नौ दिवसीय महायज्ञ और कथा में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान 5,100 समृद्धि कलश स्थापना एवं 1,008 कलशों के साथ विशेष अनुष्ठान भी संपन्न किए जाएंगे, जिनमें श्रद्धालु अपने और अपने परिवार के नाम से संकल्प लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

हिंदू नववर्ष के स्वागत में रामराज परिवार ने किया भव्य आयोजन, हजारों की तादाद में शामिल हुए लोग

# मां दुर्गा और काली की आकर्षक झांकी के साथ निकली शोभायात्रा, पंथी नृत्य दल ने गीत-संगीत से जमाया रंग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** हिंदू नववर्ष के स्वागत में रामराज परिवार द्वारा परंपरागत रूप से इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर बुधवार की रात भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सप्रे मैदान बूढ़ापारा से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 7 बजे किया गया। इस दौरान एक तरफ अखाड़ा दल से जुड़े खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शन किया गया, वहीं दूसरी तरफ पंथी नृत्य दल ने गीत-संगीत से रंग जमाया। आयोजक संस्था के अध्यक्ष अजय गवली और संयोजक प्रदीप साहू की अगुवाई में मां काली और दुर्गा की आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस साल शोभायात्रा में महाराष्ट्र का ढोल, बनारस का डमरू, नागपुर का धुमाल आकर्षण का केंद्र रहा। अलग-अलग क्षेत्र से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से शोभायात्रा को भव्य स्वरूप दिया।



### लोगों की सहभागिता से उत्सव का माहौल



शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल के साथ ही रामराज परिवार के सदस्यों ने भी कमान संभाली। भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित शोभायात्रा में हर वर्ग के लोगों की सहभागिता से उत्सव का माहौल बना। इस शोभायात्रा में मातृशक्ति की सहभागिता भी देखने को मिली। इस शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए युवाओं की टीम बनाकर जिम्मेदारी तय की गई थी। बनाई गई व्यवस्था का हिस्सा बनकर लोग जयघोष करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए।

### ओडिशा के मेलोडी म्यूजिक और राउत नाचा

बालाघाट से मां काली की भव्य झांकी, ओडिशा का मेलोडी म्यूजिक, राउत नाचा, पंथी नृत्य एवं बस्तरिया नृत्य देख आने-जाने वाले लोग भी कुछ पल के लिए ठहरे और आयोजन का हिस्सा बने। इस दौरान पुरानी बस्ती अखाड़ा दल के साथ मां दुर्गा की झांकी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने की पहल आयोजकों ने की। इसमें धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम प्रस्तुत करने का प्रयास किया। इस शोभायात्रा के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा और सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

# रायपुर में बिछी शतरंज की बिसात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ की मेजबानी एवं ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के मार्गदर्शन में रायपुर के अग्रसेन धाम में आयोजित चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी 45वीं नेशनल टीम चेस चैंपियनशिप 2026' का शानदार आयोजन रायपुर के अग्रसेन धाम में किया जा रहा है। टूर्नामेंट डायरेक्टर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर की टीमें अपनी मानसिक शक्ति का प्रदर्शन कर रही हैं।

बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू हुए चौथे दौर में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। आर एस पी बी 'ए' ने तमिलनाडु बी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखते हुए 2 - 1 से जीत दर्ज की। ए ए आई और आर एस पी बी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जहाँ ए ए आई ने 3 - 1 से बाजी मारी। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेशः महाराष्ट्र 'ए' को उत्तर प्रदेश 'ए' के हाथों 1- 3 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान छत्तीसगढ़ का प्रदर्शनः छत्तीसगढ़ 'ए' ने ओडिशा 'बी' के साथ 2 - 2 पर ड्रॉ खेला। मुख्यमंत्री ट्रॉफी 23वीं राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप 2026 में तीसरे दिन राउंड 3



में ए ए आई और पी एस पी बी की बढ़त मिली। टॉप बोर्ड मुकाबलों में रोमांच छाया रहा।

मुख्यमंत्री ट्रॉफी 23वीं राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप 2026 के तीसरे दिन (18 मार्च) खेले गए राउंड 3 में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। ए ए आई और पी एस पी बी ने अपने मजबूत प्रदर्शन को जारी रखते हुए शीर्ष स्थान की दौड़ में बढ़त बनाए रखी। पी एस पी बी और आंध्र प्रदेश B के बीच मुकाबला 2-1 से पी एस पी बी के पक्ष में रहा। वहीं ए ए आई ने वेस्ट बंगाल ए को 2-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

टॉप बोर्ड मुकाबले के राउंड 3 में मैरी ऐन गोम्स बनाम श्रव्यश्री भीमरासेट्टी (आंध्र प्रदेश बी) का मुकाबला काफी संतुलित रहा और अंततः ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ओपनिंग सिसिलियन डिफेंस खेल की शुरुआत 1.ई4 सी5 से हुई, जो आगे ओपन सिसिलियन संरचना में बदली। दोनों खिलाड़ियों ने मिडलगेम में सक्रिय मोहरों के साथ खेलते हुए बराबरी बनाए रखी। परिणाम दीक्षिता (आंध्र प्रदेश बी) विजेता रही।इस मुकाबले में पद्मिनी राउत को हार का सामना करना पड़ा, जहां ब्लैक ने शानदार खेल दिखाया। ओपनिंग में रुई लोपेज खेल की शुरुआत 1.ई4 ई5 2.एनएफ3 एनसी 6 3.बीबी 5 से हुई। मिडलगेम में ब्लैक ने काउंटरप्ले बनाकर पहल हासिल की और एंडगेम में बढ़त को जीत में बदला। परिणाम स्वरूप 0-1 परिणाम रहा। अन्य प्रमुख टीम परिणाम (राउंड 3) में पी एस पी बी ने आंध्र प्रदेश बी को 2-1 से हराया। ए ए आई ने वेस्ट



बंगाल ए को 2-1 से हराया। तेलंगाना ए ने आंध्र प्रदेश सी को 3-1 से हराया तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ ए के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ गुजरात ए ने एलआईसी को 4-0 से हराया महाराष्ट्र ए ने हिमाचल प्रदेश सी को 4-0 से हराया। आंध्र प्रदेश ए ने उत्तर प्रदेश को 3-1 से हराया छत्तीसगढ़ बी और छत्तीसगढ़ डी के बीच मुकाबला 2-1 रहा तेलंगाना बी ने हिमाचल प्रदेश ए को 3-1 से हराया। तीन राउंड के बाद ए ए आई और पी एस पी बी खिताब की दौड़ में सबसे आगे नजर आ रही हैं। वहीं गुजरात ए और महाराष्ट्र ए जैसी टीमों ने भी बड़े अंतर से जीत दर्ज कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। टॉप बोर्ड मुकाबलों में खेले गए उच्च स्तरीय खेल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस वर्ष प्रतियोगिता बेहद प्रतिस्पर्धी है और आने वाले राउंड में और भी रोमांच देखने को मिलेगा। उक्त जानकारी प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत एवं इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन ने दी है।

## नींद पूरी न होना भी आमंत्रण है गंभीर बीमारियों को

# अक्सर नींद न आना गंभीर बीमारियों का हो सकता है संकेत, आप भी करते हैं ये गलती तो तुरंत हो जाएं सावधान

जिन लोगों की नींद अक्सर पूरी नहीं होती है उनमें अन्य लोगों की तुलना में क्रोनिक बीमारियों का जोखिम अधिक हो सकता है। अनिद्रा के कारणों को जानना और समय रहते इसका इलाज कराना बहुत आवश्यक है। नींद न आने की स्थिति में खुद से ही लोग नींद की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं, इसके कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

दौड़ती-भागती जिंदगी में सेहत का ख्याल रख पाना सभी उम्र के लोगों के लिए बड़ा चैलेंज हो गया है। 30 से कम उम्र के लोग ब्लड प्रेशर, शुगर सहित कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का तेजी से शिकार होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं गड़बड़ होती लाइफस्टाइल और खान-पान से संबंधित दिक्कतों के कारण बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। जिस तरह से लोगों में नींद की कमी या नींद से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही हैं इसके कारण भविष्य में इस तरह की बीमारियों के मामले और भी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि जिन लोगों की नींद अक्सर पूरी नहीं होती है उनमें अन्य लोगों की तुलना में क्रोनिक बीमारियों का जोखिम अधिक हो सकता है। नींद न आना या अनिद्रा के कारण व्यक्ति को सोने में कठिनाई होती है, रात में बार-बार नींद टूट जाती



है या फिर काफी कोशिशों के बाद भी नींद नहीं आती है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो समय रहते किसी विशेषज्ञ से मिलकर उपचार करा लें, वरना इसके गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

### अनिद्रा और इसके कारण होने वाली दिक्कतें

शोध बताते हैं कि विश्वभर में लाखों लोग अनिद्रा से प्रभावित हैं, यह मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। अनिद्रा के कई कारण हो सकते हैं, तनाव और चिंता जैसे नौकरी, पारिवारिक समस्याएं, वित्तीय संकट या अन्य तनावपूर्ण स्थितियां नींद में बाधा डाल सकती हैं। इसी तरह से हृदय रोग,



डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, अस्थमा जैसी बीमारियां भी अनिद्रा को जन्म दे सकती हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको इन बीमारियों के कारण लंबे समय तक अनिद्रा की दिक्कत रहती है तो नींद न आने की स्थिति इन बीमारियों की जटिलताओं को और भी बढ़ा देती है।

### अनिद्रा के कारणों की समय रहते करें पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अनिद्रा के कारणों को जानना और समय रहते इसका इलाज कराना बहुत आवश्यक है। अगर तनाव-चिंता या किसी अन्य चिकित्सा स्थितियों के कारण नींद न आने की समस्या है तो इसके लिए मनोवैज्ञानिक चिकित्सा की जरूरत होती है। डॉक्टर कहते हैं, नींद न आने की स्थिति में खुद से ही लोग नींद की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं, इसके कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

### खुद से तो नहीं लेते हैं नींद की दवा?

तेजी से भागती दुनिया में लोगों के रातों की नींद गायब हो जा रही है, कई लोग इस समस्या से निपटने के लिए नींद की दवाइयों का सहारा लेते हैं। ऐसी दवाएं एक



आसान समाधान हो सकती हैं, लेकिन विशेषज्ञ इसके दीर्घकालिक गंभीर जोखिमों को लेकर आगाह करते हैं।

निद्रा चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ. मीर फैजल ने खुद से ही नींद की दवा लेने को लेकर लोगों को सावधान किया है। ये दवाएं मस्तिष्क से लेकर हृदय और गुर्दे तक शरीर की विभिन्न प्रणालियों को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### स्लीपिंग पिल्स के हो सकते हैं गंभीर नुकसान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि ऐसी दवाइयों के दुष्प्रभाव शुरू में गंभीर नहीं होते हैं लेकिन समय के साथ दुष्प्रभाव गंभीर होने लगते हैं। जब हम इनका सेवन करते हैं, तो एक और समस्या जन्म ले सकती है। इसलिए बिना डॉक्टरी सलाह के किसी भी ऐसी दवा के सेवन से बचा जाना चाहिए। नींद न आने के सही कारणों को जानना और उसी आधार पर इलाज प्राप्त करना जरूरी है। बिना कारण जाने नींद की दवाएं लेना समस्याओं को और गंभीर बनाने वाली हो सकती है।

# घर में बेलपत्र का पौधा लगाने पर क्या कहता है वास्तु, जरूर जानें

बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रही हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है।

वास्तु शास्त्र में पेड़-पौधों का घर में स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रत्येक पौधा न केवल पर्यावरण को सुंदर और हरा-भरा बनाता है, बल्कि यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। यह ऐसे ही पौधों में से एक है जो घर में शुभता और समृद्धि लाने का काम करता है। यह घर में सुख, शांति और समृद्धि को बढ़ावा देता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पेड़ घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का कार्य करता है। यह वातावरण को शुद्ध करता है और घर में शांति और समृद्धि को बढ़ाता है।

### क्या घर में बेल का पौधा लगाना ठीक है?

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। यही नहीं इससे सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। हालांकि आप जब भी ये पौधा घर में लगाएं इसकी सही दिशा



का ध्यान रखना बहुत जरूरी है और इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि यह पौधा किसी भी कारण से सूखना नहीं चाहिए। आपको इस पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिए और इस पर समय-समय पर जल चढ़ाना चाहिए।

### वास्तु के अनुसार बेल के पौधे की सही दिशा क्या है?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पौधा घर के उत्तर-पूर्व यानी ईशान कोण या उत्तर दिशा में ही लगाना सबसे शुभ माना जाता है। यदि आप इस दिशा में बेल का पौधा लगाती हैं तो जीवन में सदैव सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा, बेल के पत्तों का प्रयोग भगवान शिव की पूजा में भी किया जाता है, जिससे घर में भगवान शिव की कृपा बनी रहती है और परिवार के सदस्य स्वस्थ रहते हैं।

# गैस पर उबलकर बिखर जाता है दूध तो कटोरी हैक आजमाएं



क्या किचन में दूध गरम करते हुए वो गैस पर गिर जाता है? अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो अब आपको सोशल मीडिया पर वायरल कटोरी वाले हैक का इस्तेमाल करना चाहिए। आइए जानें, दूध को उबलकर गिरने से कैसे रोकें?

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक हैक काफी वायरल हो रहा है। इस हैक में दूध को उबलते हुए गैस पर गिरने से रोकने का एक धांसू तरीका बताया गया है। इस हैक के मुताबिक, आपको एक कटोरी की जरूरत होगी। हैक में बताया गया है कि दूध को पतीले में डालने से पहले उसमें एक कटोरी डालनी होगी। इसके बाद, उसमें दूध डालकर उसे गरम होने के लिए गैस पर रखें। इस तरीके से दूध गरम करेंगे, तो वह गैस पर उबलकर नहीं गिरेगा। इस ट्रिक को आप भी ट्राई कर सकते हैं।

### इन तरीकों से भी नहीं गिरेगा दूध

उबलते हुए दूध को पतीले से बाहर आने से रोकने के लिए आप लकड़ी का स्पैटुला इस्तेमाल कर सकते हैं। लकड़ी का स्पैटुला पतीले के ऊपर रखें। इससे उबाल आने पर भी दूध बाहर नहीं आ पाएगा।

जितना दूध गरम करना है, उसके हिसाब से हमेशा बड़ा बर्तन ही यूज करें। इससे दूध के उबलकर गिरने की टेंशन नहीं रहेगी।



# एसिडिटी की समस्या से मिलेगी राहत, डाइट में करें ऐसे बदलाव

एसिडिटी की समस्या आपको काफी परेशान कर सकती है। इसकी वजह से ब्लोटिंग से लेकर सीने में जलन की शिकायत हो सकती है। अक्सर लोग एसिडिटी होने पर तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं या फिर दवाइयों का सहारा लेते हैं। लेकिन आपको बार-बार ऐसा करने की जरूरत नहीं है। बस आपको अपनी डाइट में कुछ बदलाव करने की आवश्यकता है। अगर आप अपनी डाइट में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करते हैं तो इससे आपको बार-बार होने वाली एसिडिटी से राहत मिलती है।

आपको शायद पता ना हो, लेकिन जब आप अपने खाने की आदतों में बदलाव करते है, तो आप नेचुरल तरीके से एसिडिटी को नियंत्रित कर सकते हैं। मसलन, अगर आप अपनी डाइट से मसालेदार, ऑयली और प्रोसेस्ड फूड आइटम्स का सेवन कम करते हैं तो इससे एसिडिटी की समस्या से बचा जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी आपको डाइट में किए जाने वाले कुछ ऐसे ही बदलावों के बारे में बता रही हैं, जिन्हें अपनाकर आप एसिडिटी से राहत पा सकते हैं-



जिन लोगों को अक्सर एसिडिटी की शिकायत रहती है, उन्हें अपनी डाइट में बहुत अधिक मसालों जैसे लाल मिर्च व काली मिर्च का सेवन कम से कम करना चाहिए। इसके अलावा, बहुत अधिक ऑयली फूड भी एसिड प्रोडक्शन को बढ़ा सकता है, जिससे आपको एसिडिटी की शिकायत हो सकती है।

### खट्टे फलों का सीमित करें सेवन

यूं तो खट्टे फलों व टमाटर का सेवन सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन अगर आपको एसिडिटी की शिकायत है तो ऐसे में आपको इनका सेवन कम से कम करना चाहिए। दरअसल, यह नेचुरली एसिडिक होते हैं और एसिडिटी को और भी बदतर बना सकते हैं। बेहतर होगा कि आप इसके बजाय केले, सेब या खरबूजे खाएं।

### पिएं अधिक पानी

अगर आपको एसिडिटी की शिकायत है तो आप पानी का सेवन थोड़ा अधिक करें। दरअसल, पानी पेट के एसिड को पतला करने में मदद करता है। हालांकि, भोजन के दौरान बहुत अधिक पीने से बचें। यह पाचन को धीमा कर सकता है और इससे आपको परेशानी हो सकती है।

### हर्बल चाय का करें सेवन

हर्बल चाय को अक्सर अच्छी नींद या फिर वजन कम करने के लिए जाना जाता है। लेकिन इससे ब्लोटिंग व एसिडिटी से भी राहत मिलती है। आप अदरक की चाय, कैमोमाइल चाय व सौंफ़ की चाय आदि को अपनी डाइट में शामिल करें। ये पाचन तंत्र को शांत करते हैं और स्वाभाविक रूप से एसिडिटी को कम करने में मदद करते हैं।

### लें छोटे-छोटे मील्स

कुछ लोगों की यह आदत होती है कि वे दो मील्स के बीच में कई-कई घंटों का गैप करते हैं। लेकिन ऐसे लंबे गैप्स करने और एक बार में हैवी मील्स लेने से आपके पेट पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स और भी खराब हो जाता है। इसलिए, हर तीन-चार घंटे में मील लें और इस दौरान थोड़ा-थोड़ा करके खाएं। कम भोजन लेने से पाचन पर भी कम दबाव पड़ता है।



